हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

ORA MAKERS
Own your real asset.

A NEW ADDRESS
of
LUXURY & LIFESTYLE.

Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS
and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS






Grand Entrance – A majestic welcome every day



Beautiful Temple – A serene spiritual retreat



Landscaped Gardens & Water Features – Nature-inspired living

SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES

Discover a township that is built to inspire and designed to last.
Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.

- Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse – Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages

New Town
Own it!

FOR DETAILED INFORMATION:
98931 13444/ 98931 28333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in



राम सेतु
स्व. मान.
लखीराम अग्रवाल जी
म.प्र. एवं विभाजित छत्तीसगढ़
भीष्म पितामह
थमा था विकास और था अंधेरा,
फिर आ गया है दौर सुनहरा,
दो साल में दोहरी रफ़्तार,
अमर भैया, आपका आभार।
जनप्रिय नेता हम सबके आदरणीय
अमर भैया आपको जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं।
मान.आदित्य अग्रवाल
कान्हा भैय्या
2 साल बेमिसाल
बदला बिलासपुर हुआ खुशहाल
वेरी अग्रिम बधाई
PINK TOILET
जन्मदिन की अग्रिम बधाई
ट्रिपल इंजन से मिली नई रफ़्तार
महतारी वंदन योजना
महतारी वंदन योजना के सफल क्रियान्वयन से महिलाएँ बनीं आत्मनिर्भर
प्रधानमंत्री मुद्रा योजना & प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना
प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि के जरिए छोटे व्यवसाय और स्वरोजगार को मिली नई ताकत
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2 0
उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत लाखों महिलाओं को मिली धुएँ से मुक्ति
आयुष्मान भारत योजना
आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सुरक्षा और इलाज का लाभ मिला
प्रधानमंत्री आवास योजना
प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को अपना पक्का घर मिला
मुफ्त राशन वितरण
मुफ्त राशन वितरण से गरीब परिवारों की थाली में हुआ अन्न सुनिश्चित
सुशासन सरकार में बिलासपुर शहर का हो रहा है सर्वांगीण विकास
स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मिनी स्टेडियम
बिलासपुर के युवाओं की प्रतिभा को विकसित करके उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहे हैं बड़े बदलाव
न्यू रिवर व्यू रोड
मेट्रो शहरों की तर्ज पर अब हो रहा सड़कों का विकास, सुंदरता का सुविधा से हो रहा है समन्वय
कोनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
बिलासपुर की जनता को अब नहीं जाना होगा वर्ल्ड क्लास उपचार के लिए बाहर, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से होगी अब बेहतर इलाज की व्यवस्था
पिंक स्टेडियम, पिंक टॉयलेट
महिलाओं को केंद्र में रखकर किए जा रहे हैं विकास कार्य, बनें हैं पिंक टॉयलेट और पिंक स्टेडियम
एजुकेशन सिटी
बिलासपुर अब सिर्फ न्यायधानी और स्मार्ट सिटी ही नहीं, अब बन रहा है प्रदेश और मध्य भारत का शिक्षा कैपिटल, एजुकेशन हब से युवाओं के सपने होंगे साकार
स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता से बिलासपुर को मिला देश में द्वितीय स्थान
तकनीकी प्रणाली के उपयोग से रखा जा रहा है स्वच्छता का ध्यान, देश में मिल रहा है बिलासपुर शहर को सम्मान
बिलासपुर विधानसभा में जनकल्याण के उद्देश्य से हो रहे अनेकों कार्य
राम सेतु का हुआ निर्माण
भगवान श्री राम के आशीर्वाद से बना राम सेतु, ट्रैफिक जाम से मिली मुक्ति और हुआ आवागमन आसान
Msme/ लघु उद्योग प्रौद्योगिकी केंद्र से खुलेंगे युवाओं के लिए रोजगार के द्वार
लघु उद्योग को बढ़ावा देने हेतु शहर में निर्माणाधीन MSME प्रौद्योगिकी केंद्र से मिलेंगे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर
भवनों का जीर्णोद्धार
सामुदायिक भवनों के निर्माण और जीर्णोद्धार के कार्य हैं लगातार जारी, समाज के सभी वर्गों को मिल रही है बेहतर सुविधाएं
शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसरंचना में हो रहे हैं सुधार
विद्यालय और स्वास्थ्य केन्द्र में हो रहा है निरंतर सुधार, जन सुविधाओं के लिए हो रहे हैं दुरुस्त काम
गलियों में बन रहे हैं CC रोड
अब सिर्फ मेन सड़के ही नहीं, गलियों में भी आवाजाही हो रही है आसान, CC रोड बनने से जुड़ रही हैं हर जगह
अब बिलासपुर हो रहा हैं और भी खूबसूरत
विभिन्न उद्यानों में हो रहे हैं उन्नयन कार्य, पौधारोपण से बढ़ रही है पर्यावरण संरक्षण की भावना, स्ट्रीट लाइट्स से जगमगा रहीं है सड़कें
दीपक सिंह
राजेश पाण्डेय
कमल गुप्ता
संतोष सालुके
राहुल सिंह
संजय पाण्डेय
मनीष चौहान
नरेश शुक्ला
बबलू ठाकुर
आशीष जायसवाल
सुरेश वाधवानी
राहुल पाण्डेय
अशोक मिथून
निलेश सिंह

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025


सकरी बाजार के पास बनी सड़क पर गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।



## नगर में आज

### भाजपा का प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम

**बिलासपुर।** पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। 21 सितंबर को दोपहर 3 बजे भाजपा जिला बिलासपुर शहर द्वारा प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम झूलेलाल मंगलम तिफरा में आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जो 2 अक्टूबर तक चलेगा।

### विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत का व्याख्यान

**बिलासपुर।** विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत का राष्ट्रीय उत्थान पर 21 सितंबर को महिलाओं की भूमिका पर लखीराम आडिटोरियम में व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से 7 बजे तक होगा। इसमें मुख्य वक्ता आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव होंगे। मुख्य अतिथि पं. सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर पूजा विधानी करेंगी। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा और सिम्स के प्राध्यापक डा. अर्चना सिंह होंगी।

### आईटीआई कोटा में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई कोटा में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में संचालित एकवर्षीय व्यवसाय कोपा, स्टेनो हिन्दी तथा द्विवर्षीय व्यवसाय विद्युतकार, फिटर में प्रवेश के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकते हैं।

**हड़कंप :** आनन-फानन में मामले को दबाने के साथ लीपापोती शुरू


# 10वीं और 12वीं बोर्ड की तिमाही परीक्षा का अंग्रेजी पेपर लीक


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला स्तर पर ली जा रही 10 वी अंग्रेजी और कक्षा 12 वी अंग्रेजी की तिमाही परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। इससे हड़कंप मचा है और आनन फानन में मामले को दबाने के साथ ही इसकी लीपापोती शुरू हो गई। यही नहीं जो परीक्षा 22 सितंबर से शुरू होने वाली थी उसे जिले के कुछ स्कूलों में 20 सितंबर से ही शुरू कर दिया गया है। इसको लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हरिभूमि के पास 27 सितंबर को होने वाली अंग्रेजी की परीक्षा का प्रश्नपत्र है। यही प्रश्नपत्र छात्रों के पास भी है और एक दूसरे को भेजने में भी लगे है। पेपर वायरल हो रहा है लेकिन अधिकारी इसे नकार रहे हैं।

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस साल तिमाही परीक्षा का आयोजन किए जाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत निर्देश दिया गया कि यह तिमाही परीक्षा जिला स्तर पर होगी और इसके लिए प्रश्नपत्र भी जिला स्तर पर तैयार किए जाएंगे। साथ ही यह भी कहा गया कि 15 सितंबर के बाद सभी जिलों में जिला शिक्षा विभाग अपने हिसाब से समय सारिणी तैयार करते हुए परीक्षा ले सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे का कहना है कि सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम आधारित विद्यालयों में तिमाही परीक्षाएं एक साथ ली जानी है।


■ प्रश्नपत्र छात्रों के पास भी है और एक दूसरे को भेजने में भी लगे है, पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है




QUARTERLY EXAMINATION 2025-26
CLASS XII
SUBJECT ENGLISH

### सम्मान समारोह ने बदला टाइम टेबल, हुई गड़बड़ी

ध्यान रहे कि तिमाही परीक्षा जिला स्तर पर लेने के लिए कुल 224 स्कूलों और वहां के छात्रों के हिसाब से जिला शिक्षा विभाग ने प्रश्नपत्र छपवा भी लिया है। अब जबकि पेपर लीक हो गया है तो यह प्रश्नपत्र एक तरह से किसी काम के नहीं रह गए हैं। दरअसल यह पूरी गड़बड़ी टाइम टेबल में संशोधन के कारण हुई बताई जा रही है। शिक्षा विभाग ने तिमाही परीक्षा के लिए पहले टाइम टेबल जारी किया और बाद में उसमें कुछ संशोधन किया। इसमें कहा गया कि मिशन 90 प्लस के तहत शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाले विद्यालय और शिक्षकों का सम्मान 19 सिंतबर के स्थान पर 20 सितंबर को दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर डेढ बजे तक और फिर से दोपहर 2 बजे से शाम पांच बचे तक तय किया गया है। इस कारण त्रैमासिक परीक्षा की समय सारणी में आंशिक बदलाव किया गया है। इसलिए अंग्रेजी की जगह व्यावासायित पाठ्यक्रम की परीक्षा 20 सितंबर को लेने का फैसला लिया गया था। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों ने इस बारे में लापरवाही बरती है।

### 27 को होने वाली परीक्षा 20 को ही ले ली

इसी आदेश के तहत बिलासपुर जिला शिक्षा विभाग ने 22 सितंबर से परीक्षा लेने का फैसला लिया और बकायदा इसका टाइम टेबल जारी किया। साथ ही तय किया गया कि जिले के सभी 224 हाई और हायरसेंकेंडरी स्कूलों में यह तिमाही परीक्षा होगी। नई तिथि के मुताबिक 20 सिंतबर को होने वाला पेपर 27 सितंबर को और 27 सितंबर को होने वाला पेपर 20 सितंबर को लिया जाना है। टाइम टेबल पर नजर डालें तो 20 सितंबर को अंग्रेजी का पेपर था और 27 सितंबर को व्यावसायिक पाठ्यक्रम का पेपर था। इसमें संशोधन तो कर दिया गया लेकिन कुछ स्कूलों ने इसका पालन नहीं किया और शनिवार 20 सितंबर को ही अंग्रेजी की परीक्षा ले ली। दूसरी ओर कुछ स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम का पेपर लिया गया। इस तरह दोनों ही विषयों का पेपर लीक होकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

### फिलहाल पेपर लीक जैसी बात नहीं कही जा सकती

फिलहाल पेपर लीक जैसी बात नहीं कही जा सकती है। टाइम टेबल में कुछ संशोधन किया गया था जिससे कुछ असमंजस की स्थिति हो सकती है। इसके बाद भी मामले में जानकारी ली जाएगी। स्कूलों ने शनिवार को अंग्रेजी की परीक्षा ली है तो कार्रवाई करेंगे।

- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

# प्रभावित रहेगा ट्रेनों का परिचालन



**बिलासपुर।** धनबाद मंडल के परसनाथ, छपरा, प्रधानखंटा तथा चक्रधरपुर एवं खड़गपुर मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर आंदोलन के कारण रेल परिचालन प्रभावित हुआ है।

रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 सितंबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एवं टाटानगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18110/18109 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी –टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके पूर्व 20 सितंबर को हमसफ़र एक्सप्रेस, हावड़ा-सीएसएमटी मेल, शालीमार भुज-एक्सप्रेस, शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस ,हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, शालीमार - एलटीटी एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस रद्द रहीं।

**नॉन इंटरलॉकिंग**

### दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी 24 से 27 तक

अधोसंरचना विकास व गाड़ियों के सुरक्षित परिचालन करने उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर-डोमिंगढ़ स्टेशन में तीसरी लाइन कमीशनिंग करने नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। 24 सितम्बर 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 26 सितम्बर 2025 को नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 25 सितम्बर 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 सितम्बर 2025 को नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# 8 युवकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिविल लाइन थाना पुलिस ने शनिवार को मिनीबस्ती क्षेत्र में बाइक पेट्रोलिंग के दौरान खतरनाक तरीके से चला रहे युवक को पकड़ लिया। आरोपी आशीष सोनवानी (21) निवासी ओमनगर, जरहाभाठा बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए स्टंट कर रहा था। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 281 बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 189 के तहत कार्रवाई की है। सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाना आम लोगों की जान के लिए खतरा है, इसलिए ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही सुभाष लासरे (36) निवासी तालापारा बजरंग चौक को चाकू रखने पर आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया। इसी दौरान सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए गए अहमद खान, राज चतुर्वेदी, आकेश बंजारे और असलम अली के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं, अशांति फैलाने की आशंका के चलते निरतू, थाना कोनी निवासी विनोद यादव और सिनोद यादव पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप महाविद्यालय उसलापुर में हिंदी सप्ताह का समापन



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय, उस्लापुर एवं विश्व हिंदी परिषद छत्तीसगढ़ प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी सप्ताह का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.विनय कुमार पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ.बी. एल. गोयल, डॉ. संगीता बनाफर , प्राचार्य डॉ. अनिता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया । प्राचार्य डॉ. अनिता सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। मुख्य अतिथि डॉ. पाठक ने छात्रों से कहा कि आपने सुना होगा कि कोयल अपनी भाषा बोलती है। इसलिए स्वतंत्र रहती है तथा तोता दूसरे की भाषा बोलता है। इसलिए पिंजरे में कैद रहता है । आप अपनी भाषा बोलें आपकी अपनी भाषा आपको आगे बढ़ाने में सदैव मदद करेगी । महाराणा प्रताप महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. सचिन यादव ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि हमें आगे बढ़ाना है तो अंग्रेजी के साथ हिंदी को भी जानना आवश्यक है हिंदी ही ऐसी भाषा है जो हमारे संस्कारों को जीवंत रखती है । डॉ.संगीता बनाफर ने हिंदी को अपनी मातृ भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी माँ जैसी है । कविता के माध्यम से अपने भावों को व्यक्त किया। महाविद्यालय में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने छात्रों से हिंदी प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता ,भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, कहानी सुनाओ प्रतियोगिता एवं पुस्तक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विश्व हिंदी परिषद के अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया । मंच संचालन राज श्रीवास एवं आदित्य ने किया। आभार प्रदर्शन सपना मार्को ने किया।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी डॉक्यूमेंट्री फिल्म



**बिलासपुर।** भाजपा पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। आज इसी के तहत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म रामा मैगनेटो मॉल पीव्हीआर में देखा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋशि, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, किशोर राय, रितेश अग्रवाल, शैलेन्द्र यादव, देवेन्द्र पाठक, राकेश लालवानी, मनोज सोनी, एस.श्रीनिवास राव, नारायण गोस्वामी, जगदीश साव, सतीश गुप्ता, दीपक साहू, मनीश गुप्ता, निरजा सिन्हा, योगेश बोले, स्नेहलता शर्मा, निम्मा जीवनानी, धीरेन्द्र केशरवानी, अमित तिवारी, देवेश खत्री, किशोर यादव, संदीप दास, हरि गुरूंग, संजय गुप्ता, विवेक ताम्रकार, मीना गोस्वामी, किरण सिंह, शोभा कश्यप, दीपसिखा यादव सन्नी केशरी, आनंद तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शासकीय कर्मचारी संघ के चंद्रा प्रदेश समन्वयक और टंडन प्रांतीय सचिव

**बिलासपुर।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिला





अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि 24 अगस्त को पंडित देवकीनंदन सभागृह में निर्वाचन हुआ था। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया था। उनके द्वारा 18 सितंबर को प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 64 विभिन्न पदों पर कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, प्रांतीय सचिव, संगठन सचिव, विभागीय प्रांतीय संयोजक, संभागीय अध्यक्ष का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा को संघ का प्रदेश समन्वयक, हिमाचल साहू को प्रदेश महामंत्री, अनिल चंदेल, मतिना बंजारे, अनूप श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष- डॉ पूनम सिंह बघेल, राजेश कुमार टंडन को प्रांतीय सचिव- संगीता शर्मा, सिलवंती एक्का,राम बाई चौधरी, श्रीराम यादव को प्रांतीय संगठन सचिव तथा ओम त्रिपाठी प्रशिक्षण अधिकारी खमरिया बिलासपुर को बिलासपुर संभाग का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला बिलासपुर के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों की नियुक्ति होने पर जिला शाखा बिलासपुर के पदाधिकारी/ कर्मचारी साथियों में हर्ष व्याप्त है। यह जानकारी संघ क जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने दी।

### अतिथि व्याख्याताओं में 'असमंजस' 2500 से अधिक प्राध्यापक असुरक्षित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सहायक प्राध्यापकों की नियमित भर्ती की घोषणा ने प्रदेशभर में कार्यरत लगभग 2500 से 3000 अतिथि व्याख्याताओं में गहरी चिंता पैदा कर दी है। इन अतिथि व्याख्याताओं को यह आशंका सता रही है कि वर्षों की सेवा के बाद भी उनकी सेवाओं को दरकिनार किया जा सकता है। अतिथि प्राध्यापक लंबे समय से प्रदेश के महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों का अध्यापन कर रहे हैं। इनमें वैल्यू एडेड कोर्स, इलेक्टिव कोर्स, और एनहैंसमेंट कोर्स जैसे नवीन और महत्वपूर्ण विषय भी शामिल हैं, जिन्हें नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाया जा रहा है। इन विषयों में उन्हें न केवल अनुभव प्राप्त है, बल्कि वे इनमें दक्षता भी हासिल कर चुके हैं। एक अतिथि प्राध्यापक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हम पहले से ही प्रशिक्षित और कुशल हैं, फिर भी सरकार हमारी सेवाओं को नज़रअंदाज़ कर नए सिरे से भर्ती की बात कर रही है। जब संस्थानों में पहले से ही योग्य और अनुभवी प्राध्यापक कार्यरत हैं तो उन्हें बाहर कर नए चयन की आवश्यकता क्यों? अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि सरकार ने वेतनमान की समस्या, संस्थानों में उनके साथ होने वाले असमान व्यवहार और कार्यस्थल पर मिलने वाले मानसिक दबाव जैसी गंभीर चुनौतियों को हल करने की बजाय केवल नई भर्ती की घोषणा की है। वर्षों से हम कम वेतन पर काम कर रहे हैं।

**पीडब्ल्यूडी, एविएशन विभाग की लापरवाही** उदासीनता के चलते रन वे की लंबाई बढ़ाने का काम अब तक फाइलों में, यात्री परेशान

# रन वे की लंबाई कम होने का खामियाजा, विमानन कंपनियों ने बिलासा एयरपोर्ट से मुंह मोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिलासा एयरपोर्ट से पिछले 2 सालों में एक भी नई उड़ान शुरू नहीं हो सकी है, वहीं अंबिकापुर,भोपाल, इंदौर की फ्लाइट बंद हो चुकी है। बिलासा एयरपोर्ट का रन वे 1500 मीटर है, जबकि इन विमानन कंपनियों को बिलासा एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू करने के लिए इससे अधिक के रन वे की लंबाई की आवश्यकता है। पीडब्ल्यूडी, एविएशन विभाग की लापरवाही और उदासीनता के चलते रन वे की लंबाई बढ़ाने का काम अब तक फाइलों में दबी हुई है, जिसका खामियाजा बिलासपुर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। आधी-अधूरी सुविधा के कारण विमान का परिचालन किया जा रहा है। कई निजी एयरलाइन्स कंपनियों ने बिलासा एयरपोर्ट से मुंह मोड़ लिया है।

बिलासा एयरपोर्ट से हवाई सुविधा विस्तार में सबसे बड़ी बाधा रनवे की लंबाई है। स्टार एयरवेज ने बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार की अच्छी संभावनाओं को स्वीकार किया है, लेकिन छोटे रन वे के कारण उड़ान शुरू करने में असमर्थता जताई है। यह हाल तब है जब एयरपोर्ट को बने 4 साल पूरे हो चुके हैं, यहां से शुरू की गई कई फ्लाइटों के परिचालन को उनकी सब्सिडी अवधि पूरी होने से पहले ही रद्द कर दी गई है। बिलासपुर से इंदौर, भोपाल, अंबिकापुर जैसे जगहों के लिए फ्लाइट शुरू की गई। अलांयस एयर और फ्लाईबिग को जिम्मेदारी सौंपी गई लेकिन अधिकारियों की लापरवाही इस कदर हावी रही कि फ्लाइट का परिचालन ही रद्द कर दिया गया। इसके लिए यात्रियों की सीमित संख्या, मौसम और कई दिक्कते सामने लाई गई लेकिन हकीकत यही है कि बिलासपुर को उपेक्षा की ओर ढकलने की साजिश विमानन विभाग द्वारा ही की जा रही है। जिससे छत्तीसगढ़ के पटल पर महज राजधानी से ही महानगरों तक हवाई यात्रा सुलभ हो रही है, जबकि बिलासपुर उपेक्षित है।

### स्टार एयरवेज से मिले समिति के सदस्य

हवाई संघर्ष समिति के सदस्यों ने स्टार एयरवेज के प्रतिनिधि से मुलाकात की। इस दौरान स्टार एवरवेज के प्रबंधक सेंथिल राजा ने बताया कि अंब्रेरर 145 विमान का 1900 मीटर का रन वे पर ही परिचालन किया जा सकता है। जबकि बिलासा एयरपोर्ट पर रनवे की लंबाई 1500 मीटर है। खास बात यह है इतने छोटे रन वे पर 72 सीटर एटीआर विमान ही संचालित होते है, जिसमें तीन एयरलाइंस क्वालीफाई करती है। अंब्रेरर जैसे विमान जिसकी सीट क्षमता 55 और 75 सीटर है उनके परिचालन में 1900 मीटर रनवे की आवश्यकता है। हाल ही में कंपनी ने गोंदिया से हैदराबाद और बेंगलुरु की उड़ान शुरू की है। कंपनी के पास 8 अंब्रेरर विमान मौजूद है।

### समिति ने की मांग

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने नाइट लैंडिंग का कार्य पूर्ण होते साथ ही एयरपोर्ट में सेना की जमीन वापसी की कार्रवाई को पूरा करने और रनवे की लंबाई 2200 मीटर करने की मांग की है। जिससे बोइंग और एयर बस जैसे विमान का परिचालन संभव हो सके। रवि बनर्जी देवेंद्र सिंह ठाकुर, आशुतोष शर्मा, मनोज तिवारी, अमर बजाज, शिरीष कश्यप,गोपी राव, मजहर खान, चंद्र प्रकाश जायसवाल, मोहसिन अली आदि उपस्थित रहे।

दीपावली व छठ पूजा पर यात्रियों को मिलेगी सुविधा

# जोन चलाएगा दुर्गा पूजा से छठ तक 39 स्पेशल ट्रेनें, बुकिंग शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दपूमरे बिलासपुर जोन ने दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ को कम करने और कंफर्म बर्थ में आरामदायक सफर के लिए 39 स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश दिया है। यह ट्रेन बिलासपुर सहित रायपुर और नागपुर डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों से चलाई जाएगी, जिसके लिए लोग बुकिंग कराना शुरु कर दिए हैं।

प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ भी शुरु हो जाती है। तीर्थ स्थल के अलावा दशहरा, दीपावली और छठ पर्व मनाने के लिए लोग बाहर आना-जाना करते हैं। यात्रियों की भीड़ अधिक होने के कारण कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल हो जाता है। यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन रेलवे बोर्ड के आदेश पर स्पेशल ट्रेनों के अलावा छोटे स्टेशनों पर स्टापेज व अतिरिक्त कोच की सुविधा भी प्रदान करती है, ताकि यात्रियों का सफर आरामदायक हो सके। इसी तरह छठ पर्व के दौरान रेलवे ने सभी जोन से बिहार की ओर जाने वाले लोगों के लिए पहले ही 12 हजार ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। इसमें जिन ट्रेनों के संचालन की योजना बनी है, उनका नोटिफिकेशन भी दूसरे जोन के साथ बिलासपुर जोन से जारी किया जाना प्रारंभ हो चुका है। 21 सितम्बर से 30 नवंबर यानि दो माह तक 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन संबंधी अधिसूचना जारी की गई है, जिसके माध्यम से 2024 अतिरिक्त फेरे के लिए ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से विशेषकर उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क करने का आर्डर भी बोर्ड से मिला है।



### 90 हजार अतिरिक्त बर्थ

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार विशेष ट्रेनों का संचालन नवरात्रि एवं छठ पूजा के दौरान किया जाएगा। इन विशेष ट्रेनों में वातानुकूलित कोच, स्लीपर कोच, सामान्य श्रेणी के कोच लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को उनकी आवश्यकता एवं सुविधा अनुसार सफर करने का अवसर प्राप्त हो सके। इसमें यात्रियों को 90 हजार कंफर्म अतिरिक्त बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### यह चलेगी ट्रेनें

- 08865 नेताजी सुभाषचंद्र बोस-शालीमार स्पेशल प्रतिदिन पांच फेरे के लिए 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक।
- 08866 शालीमार-नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पेशल प्रतिदिन पांच फेरे के लिए 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक।
- 08760 दुर्ग-निजामुद्दीन स्पेशल आठ फेरे के लिए 5 अक्टूबर से 23 नवंबर तक।
- 08761 निजामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन 6 अक्टूबर से 24 नवंबर तक।
- 08261 बिलासपुर-येलहंका स्पेशल 11 फेरे के लिए 9 सितम्बर से 18 नवंबर तक।
- 08262 येलहंका-बिलासपुर एक्सप्रेस स्पेशल 10 सितम्बर से 19 नवंबर तक।
- 08763 दुर्ग-एसएलएन एक्सप्रेस स्पेशल 12 फेरे के लिए 13 सितम्बर से 29 नवंबर तक।
- 08764 एसएलएन-दुर्ग एक्सप्रेस स्पेशल 14 सितम्बर से 30 नवंबर तक।

### नवरात्रि में डोंगरगढ़ में 10 ट्रेनों का स्टापेज

सोमवार से शुरु होने वाले नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ मां बम्बलेश्वरी मंदिर जाने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज देने की सुविधा के साथ गोंदिया से दुर्ग के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर का विस्तार रायपुर तक करने का आदेश जारी किया है। 22 सितम्बर से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। नवरात्रि के 9 दिनों तक श्रद्धालु मां शारदा मंदिर मैहर और मां बम्बलेश्वरी का दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ जाते हैं। इसकी वजह से ट्रेनों में काफी भीड़ हो जाती है। जोन से चलने और निकलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनें हैं, जिनका स्टापेज डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में नहीं होने के कारण यात्रियों को राजनांदगांव या फिर गोंदिया स्टेशन तक जाना मजबूरी होती है। इन स्टेशनों से यात्री दूसरी ट्रेन व अन्य संसाधन से डोंगरगढ़ तक आना-जाना करते हैं। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से चलने वाली 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज डोंगरगढ़ में देने का नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी डोंगरगढ़ स्टेशन 21.56 से 21.58 बजे तक, 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.34 से 05.36 बजे तक, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.34 से 05.36 बजे तक, 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.16 से 12.18 बजे तक, 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10.17 से 10.19 बजे तक 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14.36 से 14.38 बजे तक, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 11.58 से 12.00 बजे तक, 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18.30 से 18.32 बजे तक, 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 10.44 से 10.46 बजे तक रोकी जाएगी। इसके अलावा 68742/68741 गोंदिया-दुर्ग और दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर का रायपुर तक विस्तार किया जा रहा है। ट्रेन रायपुर से रवाना होकर सरोना, कुम्हारी, डी केबिन, देवबलौदा चरौदा, भिलाई, भिलाई पावर हाउस, भिलाई नगर, दुर्ग, 68729/68730 रायपुर-डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर ट्रेन गोंदिया तक चलने से पहले पनियाजोब, बोरतलाब, दरेकसा, सालेकसा, धानौती, आमगांव, गुदमा, गोंदिया पहुंचेगी।

## एनईपी: प्राध्यापकों की कमी सबसे बड़ा रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मंत्री ने कहा- भरने जा रहे रिक्त पद

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर शुक्रवार को रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदेश स्तर पर मैराथन बैठक ली। इस बैठक में सभी यूनिवर्सिटी के कुलपति, रजिस्ट्रार सहित गवर्नमेंट कालेजों के प्राचार्यो को बुलाया गया था। बैठक में उच्च शिक्षा सचिव एस भारतीदासन व आयुक्त संतोष देवांगन भी उपस्थित रहें। इस बैठक में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में कालेजों के प्राचार्यो ने स्टाफ की कमी को रोड़ा बताया, जिसपर उच्च शिक्षा मंत्री ने गवर्नमेंट कालेजों में प्राध्यापकों के रिक्त लगभग 700 पदों को भरे जाने की बात कही।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर में आज उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने मैराथन बैठक ली जो दोपहर में लंच समय को छोड़क बाकी सुबह साढ़े दस बजे से लेकर शाम करीब साढ़े चार बजे तक चली। यह बैठक मुख्य रूप से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर थी, जिसमें प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी के कुलपति, रजिस्ट्रार सहित छत्तीसगढ़ के सभी गवर्नमेंट कालेजों के प्राचार्य शामिल हुए। बैठक के दौरान गवर्नमेंट कालेजों के प्राचार्यो ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में समस्याएं भी बताई, जिसमें कालेजों में प्राध्यापकों, स्टाफ की मुद्दा उठाया। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि गवर्नमेंट कालेजों में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों को भरने के लिए लगभग 700 सहायक प्राध्यापकों की भर्ती करने जा रहे हैं। प्राचार्यो ने छात्रों के समक्ष विषय चयन एवं अन्य समस्याएं भी रखी, जिनका समाधान किया गया। मंत्री ने नए खुले कालेजों में आधारभूत संरचना एवं अकादमिक व्यवस्थाओं को बेहतर करने पर जोर दिया।

### ज्ञान, परंपरा व कैरिकुलम फ्रेमवर्क पर चर्चा

बैठक के तकनीकी सत्र में नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ. जीए घनश्याम ने भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेशिकरण पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. वीके श्रीवास्तव ने नई शिक्षा नीति तहत कैरिकुलम फ्रेमवर्क पर चर्चा की। बैठक में अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने बताया कि स्वशासी कालेजों के बाद सभी कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो गई है और दो सेमेस्टर एग्जाम भी सफलतापूर्वक हो गए हैं। इसमें 90 दिनों का जो कैरिकुलम बनाए गए हैं उसमें लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसी तरह रविशंकर यूनिवर्सिटी के कुलपति ने छत्तीसगढ़ में कम समय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलतापूर्वक लागू होने की बात कही। बैठक में शामिल होने अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्णिश गौतम सहित सभी गवर्नमेंट कालेजों के प्राचार्य भी रायपुर रविशंकर यूनिवर्सिटी गए थे।

## सीएमडी कालेज में नवप्रवेशित छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम

**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय में 20 सितंबर को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का वरिष्ठ छात्रों के द्वारा इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जिलाधीश संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह, शासी निकाय के अध्यक्ष पं. संजय दुबे, एस.पी.चतुर्वेदी, डॉ. संजय सिंह थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर डा. अग्रवाल ने कहा कि यह जो समय है छात्र-छात्राएं अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह वह समय है जिसमें छात्र अपने मार्ग से भटक सकते हैं। अतः ऐसे भटकाव के लिए छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहना चाहिए। अपने लक्ष्य पर आश्रित होना चाहिए क्योकि माता-पिता की भावनाएं अपने बच्चों के साथ जुड़ी हुई रहती है। विशिष्ट अतिथि एसएसपी श्री सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय काफी पुराना महाविद्यालय है और इस महाविद्यालय से





मुझे बहुत ही लगाव है। विशिष्ट अतिथि एस.पी. चतुर्वेदी ने कहा कि यह महाविद्यालय 70 वर्ष पुराना हो चुका है। महाविद्यालय के छात्र वीर सिंह यादव का चयन भारतीय थल सेवा में हुआ है, तथा अक्षत यादव का चयन एक भारत श्रेष्ठ के लिए हुआ है इसके लिए जिलाधीश ने उनका सम्मान किया। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. दुबे ने बताया कि यहां विद्यालय के चार छात्रों का गणतंत्र दिवस में नई दिल्ली परेड में हिस्सा लेंगे जो



महाविद्यालय के गौरव की बात है। अतिथियों का सम्मान शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे एवं उपाध्यक्ष एस.पी चतुर्वेदी एवं प्राचार्य संजय सिह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुमेला चटर्जी, डॉ. कमलेश कुमार जैन, डॉ.के.के. शुक्ला, डॉ. अरूंधती शर्मा, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. एस.पावनी, डॉ. स्मृति पाण्डेय, डॉ. यशस्वी मिश्रा, प्याली दत्ता, रिमा विश्वास, वंदना गोस्वामी, नेहा कश्यप, के. प्रवीणा आदि का योगदान रहा।

### सम्मान के लिए नामांकन 26 तक

**बिलासपुर।** महिला उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को माता बहादुर कलारिन सम्मान एवं वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए नामांकन प्रस्ताव 26 सितम्बर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यालय बिलासपुर में जमा कर सकते हैं। 26 सितम्बर के पश्चात आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट **cgwcd.gov.in** में सम्मान, पुरस्कार खण्ड का अवलोकन किया जा सकता है।

राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन

# एयू में राज्य की रजत जयंती पर दो दिवसीय पुस्तक मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के माधवराव सप्रे केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस पुस्तक मेले का उद्घाटन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने किया। इस पुस्तक मेले का उद्देश्य नवीनतम शैक्षणिक संदर्भ पुस्तकों से छात्रों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों को परिचित कराना है।

अटल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 17 व 18 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने कहा कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों के बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास की आधारशिला भी है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि पुस्तकें हमारी संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। विद्यार्थियों को नियमित पठन-पाठन की आदत डालकर ज्ञान के साथ-साथ मूल्य एवं संस्कारों को भी आत्मसात करना चाहिए। ऐसे मेले निश्चित रूप से युवाओं को पुस्तकों के प्रति आकर्षित करेंगे। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान ने कहा कि पुस्तकों से ही विद्यार्थी चरित्र, संस्कार और ज्ञान अर्जित कर सकते हैं तथा इन्हीं से समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, समस्त अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। इस पुस्तक मेले का प्रमुख उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों को नवीनतम शैक्षणिक एवं संदर्भ पुस्तकों से परिचित कराना है, जिससे उन्हें अध्ययन एवं शोध कार्यों में लाभ मिल सकें। मेले में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है जो उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, शोध तथा अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।

ये मेला न केवल ज्ञानवर्धन का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को पठन-पाठन की नवीनतम प्रवृत्तियों से भी अवगत कराएगा। अटल यूनिवर्सिटी सभी छात्रों, प्राध्यापकों और शोधार्थियों एवं पुस्तक प्रेमियों से इस पुस्तक मेले में सक्रिय रूप से सहभागी बनने और ज्ञान का लाभ उठाने कहा है।

## बिजनेस प्लस

### गुरू दशमेश आटोमोबाइल में ऑफर के साथ रॉयल एनफिल्ड की बुकिंग तेज





**बिलासपुर।** गुरू दशमेश आटोमोबाइल में ऑफर के साथ रॉयल एनफिल्ड की बुकिंग तेज हो गई है। जीएसटी 2-0 का असर देखने को मिल रहा है। इसके अलावा 350 सीसी रेंज सस्ती होगी। इसके अलावा नई टेक्स दरें लागू होने के पहले ही बुकिंग शुरू हो गई है। जीएसटी 2.0 के तहत 350 सीसी तक और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर अब केवल 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। रॉयल एनफिल्ड की 350 सीसी रेंज सस्ती हो रही है। नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी, लेकिन इससे पहले ही बिलासपुर सरकण्डा में स्थित गुरू दशमेश ऑटोमोबाईल शोरूम में ऑफर के साथ शानदार बुकिंग हो रही है। नई जीएसटी दर से हंटर 350, क्लासिक 350, मेटियोर 350, और बुलेट 350 जैसी बाइकों की कीमतें करीब 22 हजार रुपए तक कम हो जाएंगी। गुरू दशमेश ऑटोमोबाइल शोरूम के संचालक नितिन गुंबर ने इसे ग्राहकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं बताया। उन्होंने कहा कि त्यौहारों से ठीक पहले आई यह राहत रॉयल एनफिल्ड खरीदना और भी आसान बना देगी। ग्राहक नई दरों के लागू होने से पहले ही अपनी पसंदीदा रॉयल एनफिल्ड की बाइक बुक कर रहे हैं।

### अव्यांश वेलफेयर सोसायटी ने मनाया विश्व आत्महत्या निषेध दिवस



**बिलासपुर।** अव्यांश वेलफेयर सोसायटी छोटी कोनी द्वारा विश्व आत्महत्या निषेध दिवस 10 सितंबर के पखवाड़े के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन आज कौशल विकास केंद्र अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन में आयोजित किया गया। इसमें मेहमान अतिथि मानसिक चिकित्सालय सेदरी से प्रशांत रंजन पांडे थे। जिनके द्वारा दक्षता विकास केंद्र के लगभग 125 विद्यार्थियों को आत्महत्या निषेध एवं तनाव प्रबंधन पर जानकारी दी गई। सोसायटी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति के लिए पुनर्वास केंद्र का संचालन किया जाता है। संस्था के अध्यक्ष विजय श्याम ठाकुर ने वर्तमान परिपेक्ष्य में तनाव प्रबंधन की आवश्यकता एवं समय रहते इस मनोभाव पर नियंत्रण विषय पर जानकारी दी गई। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन अंतर्गत कौशल विकास केंद्र के प्रबंधक संजीव कुशवाहा ने आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



एजुकेशन

## व्यापमं की स्टॉफ नर्स भर्ती परीक्षा आज, सुबह 11 बजे से होगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टॉफ नर्स के रिक्त पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 21 सितंबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के ढाई घंटे पहले पहुंचना होगा,




जहां मेन गेट पर मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण जांच की जाएगी। फिर वीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र एवं कोई भी एक पहचान पत्र के सत्यापन जांच की कार्यवाही की जाएगी। परीक्षार्थियों को इंटरनेट से निकाला हुआ मूल प्रवेश पत्र जो साफ-सुथरा हो, लाना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग की हॉफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहनकर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण जैसे बाली-झुमका आदि सख्त वर्जित हैं। साथ ही घड़ी, पर्स, मोबाइल, बेल्ट, जूता-मोजा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, हाथ में कड़ी-धागे, कोई भी संचार का साधन, स्कार्फ, टोपी, चश्मा आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

व्याख्यान

## महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को महिला उत्पीड़न निवारण समिति एवं लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिबंध एवं प्रतितोष) समिति के तत्वावधान में "वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं के कानूनी अधिकार" विषय पर एक इंटरैक्टिव व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता अधिवक्ता उपासना मेहता ने छात्राओं को महिला संबंधी विभिन्न कानूनी प्रावधानों, घरेलू हिंसा, लिव-इन रिलेशनशिप, रेयरस्ट ऑफ द रेयर केस, राइट टू प्राइवेसी और दुष्कर्म से जुड़े मामलों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल अधिकार जानना ही नहीं बल्कि उनका समय पर और सही प्रयोग करना आना चाहिए। प्राचार्य डॉ. कीर्ति कुमार भंडारी ने कहा कि "नारी केवल शक्ति ही नहीं है बल्कि जीवन के रिश्तों में सामंजस्य और संवेदनशीलता की आधारशिला भी है।

आयोजन

## निबंध में प्रीति, वाद-विवाद में जान्हवी रही प्रथम



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने सरकंडा स्थित एक निजी हाईस्कूल में बच्चों के बीच में निबंध प्रतियोगिता करवाई। जिसमें 10वीं क्लास से प्रथम प्रीति साहू, द्वितीय अभिषेक सराफ, थर्ड 9वीं से समीर साहू विजेता रहे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य किरण सिंह ने क्लब अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा , सचिव अर्चना तिवारी, एमजेएफ संजना मिश्रा, मंगला कदम, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार के समक्ष परिणाम घोषित किया। दूसरे दिन सभी विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता का विषय-हिंदी मातृभाषा हमारे लिए आवश्यक क्यों है रखा गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम जान्हवी, द्वितीय अभिषेक रहा।

शिविर

## शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित विधायक अमर ने किया सम्मानित



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सवेरा-एक नई किरण वेलफेयर सोसाइटी ने स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजीव प्लाजा उद्यान में किया। इसमें 102 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक अमर अग्रवाल ने किया और कहा कि समाजसेवी संगठनों द्वारा इस तरह की पहल मानवीय पक्ष को सशक्त करती है। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, मीडिया सह प्रभारी दुर्गेश पांडेय, एडिशनल एसपी दीपमाला कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। हंस वाहिनी ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 102 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदाताओं को रक्त मित्र कार्ड प्रदान किए गए। जिससे वे एक वर्ष तक निःशुल्क रक्त प्राप्त कर सकेंगे।

महाराज अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा शनिवार को बाजे-गाजे एवं आकर्षक झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें विधायक अमर अग्रवाल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल सहित समाज के 3 हजार स्वजाति बंधु शामिल हुए। महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। झांकी व सजावट में समाज की संस्कृति की झलक देखने को मिली।

# अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा, दिखी संस्कृति की झलक





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रसेन महाराज की जयंती पर्व शोभायात्रा लखीराम ऑडिटोरियम से निकल कर सदर बाजार, गोल बाजार, तेलीपारा, टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग होते हुए अग्रसेन चौक पहुंची। यहां अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा कर इतर भी लगाए गए। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े के साथ ही जय अग्रसेन महाराज जयघोष की गूंज हो रही थी।

इस मौके पर अग्रवाल समाज के वरिष्ठ संरक्षक शिव अग्रवाल, सुनील सोंथालिया, चतुर्भुज अग्रवाल, अनिल, मनीष, महेश अग्रवाल, सुनील सुल्तानिया, आनंद अग्रवाल, नवयुवक समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल मोनिल निशानियां, कपिल जाजोदिया, अग्रवाल महिला समिति के अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, वंदना जाजोदिया, मधु बगड़िया उपस्थित थीं। तैयारी में अग्रवाल सभा बिलासपुर, अग्रवाल जयंती समारोह समिति, अग्रवाल नवयुवक समिति, अग्रवाल महिला समिति, अग्रसेन शिक्षण समिति, अग्रोहा भवन समिति, अग्रसेन भवन समिति, अग्रवाल सेवा समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

विधायक अमर सहित 3 हजार स्वजातीय बंधु हुए शामिल



### इन्होंने किया स्वागत

शोभायात्रा का स्वागत कालूराम रामनारायण चौधरी परिवार, श्री विष्णु धिडेवाल, राधेश्याम अग्रवाल, विष्णु मुरारका, सुनील मुरारका, गणेश अग्रवाल, समीर महेंद्र, हर्षित, बमोलिया इलेक्ट्रिकल्स, निखिल अग्रवाल, अनूप जैन व साथी, राणी सती इलेक्ट्रिकल्स, मारवाड़ी युवा मंच, छत्तीसगढ़ी युवा क्रांति महिला शाखा बिलासपुर, वंदना अंशुल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया। जलपान का इंतजाम भी अग्रवाल समाज के स्वागत करने वाले सामाजिक बंधुओं ने किया।

### विद्युत झालरों से जगमगाया चौक, भवन

शोभायात्रा के सम्मान में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। अग्रसेन चौक व जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन भी आकर्षक बिजली सजावट से जगमगा रहा है। स्वागत के साथ ही जगह-जगह भोग प्रसाद का वितरण भी किया जाता रहा। मिष्ठान वितरण भी हुआ।

### रहे विशेष ड्रेसकोड में

शोभायात्रा में अग्रवाल समाज की महिलाएं, पुरुष, बच्चे, युवा एक विशेष ड्रेस कोड व अनुशासन में रहे। पुरुष परंपरागत कुर्ता-पायजामा, महिलाएं साड़ी में रहीं।

### कल होगा भण्डारा

समाज के शिव अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर 22 सितंबर सोमवार को शहर में 10 से अधिक जगहों पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। अग्रसेन जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में होगा।

# शारदीय नवरात्रि कल से

चलेगी पूरे 10 दिन, सभी तिथियां मानी जा रही शुभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा। इस बार शारदीय नवरात्र 10 दिन का रहेगा। यह तिथियां काफी शुभ मानी जा रही है। खास बात यह है कि इस बार कोई भी तिथि घट नहीं रही है। इसकी वजह से नवरात्रि पूरे 10 दिनों तक मनाई जाएगी।

ज्योतिषियों के अनुसार यह नवरात्र अत्यंत शुभ संयोग लेकर आ रहा है। इसे मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्ति का अवसर माना जा रहा है। शहर के सभी देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्रि उत्सव की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। कलश प्रज्वलन स्थल व मंदिरों की साफ-सफाई कर रंग-रोगन किया गया है। श्रद्धालु भक्तों के दर्शन पूजन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।





### गाए जाएंगे सेवा गीत व भजन

हरदेव लाल मंदिर में अभिजीत मुहुर्त में घट स्थापना की जाएगी। इस साल भी ढाई सौ अधिक कलश का प्रज्जवलन मंदिर के पुजारी पं. कृष्णा मिश्रा के सानिध्य में होगा। हरदेव लाल भगवती मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि की जोर-शोर से तैयारियां की गई है। महामंत्री अजय गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि में प्रतिदिन देवी पूजा के साथ ही सोहगली पूजा भी होगी। मुंडन संस्कार कराए जाएंगे। सेवा गीत के साथ ही भजन कीर्तन गाए जाएंगे। कन्या भोज व भण्डारा भी होगा। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष राजेश पाण्डेय सहित अन्य सभी सदस्य व सेवादार लगे हुए हैं।

### गुजराती समाज में अम्बे मां का भव्य आगमन आज

श्री गुजराती समाज टिकरापारा में इस वर्ष भी रास गरबा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष केतन भाई सुतारिया ने बताया कि आयोजन का यह 82वां वर्ष है। आधुनिक दौर में भी गुजराती समाज गुजरात की परंपरा एवं संस्कृति को सहेजे हुए रास गरबा का आयोजन निरंतर करते आ रहा है। अंबे मां की मूर्ति स्थापना के साथ यहां हर वर्ष सभी वर्गों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। महिलाएं शो रस की प्रस्तुति देंगी। युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु भाई नाथवानी ने बताया कि इस वर्ष अंबे मां का आगमन शोभायात्रा रविवार 21 सितंबर को शाम 6 बजे निकलेगी जो जगमाल चौक से बाजे-गाजे के साथ माता की जयकारा लगाते हुए गुजराती समाज पहुंचेगी। गुजराती समाज प्रांगण में माताजी की स्थापना की जाएगी।

### होंगे विविध धार्मिक आयोजन

तिफरा स्थित काली मंदिर में इस शारदीय नवरात्रि पर सुबह से देवी का अभिषेक, पूजन व श्रृंगार किया जाएगा। सुबह पांच बजे से प्रतिदिन दुर्गा शप्तशती का पाठ व हवन, शाम को चार बजे काली सहस्रनाम व हवन पं. दामोदर प्रसाद मेंड्रा द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि 10 बजे तक भण्डारा होगा। रामायण पाठ कर सेवा गीत व भजन गाए जाएंगे। भागवत कथा होगी। इस साल इस मंदिर में तेल का चार सौ व घृत का ढ़ाई सौ कलश का प्रज्जवलन किया जाएगा। पुजारी भवानीदास महराज ने बताया कि दूर-दराज से लोग पूजन, दर्शन के लिए आएंगे। दुर्गा मंदिर जरहाभाटा, मरीमाई मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, प्रज्ञापीठ, रेल्वे सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि श्रद्धा-भक्ति से मनाई जाएगी।



सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या आज

## लोग श्राद्ध कर देंगे पितरों को विदाई

**बिलासपुर।** पितृ पक्ष की सर्व पितृ व आश्विन अमावस्या 21 सितंबर शनिवार को है। इस दिन लोग श्राद्ध कर अपने पितरों को विदाई देंगे।

पितृ अमावस्या पर विशेष रूप से परिवार के उन मृतकों का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी मृत्यु अमावस्या तिथि पर हुई हो। यदि कोई संपूर्ण तिथि का श्राद्ध किसी कारण वश न कर पाया हो या गलती से कोई श्राद्ध छूट गया हो तो उसे अमावस्या का श्राद्ध जरूर करना चाहिए। कहते हैं कि इस तिथि पर श्राद्ध करने से सभी पितरों की आत्माएं तृप्त हो जाती है, इसलिए ज्यादातर लोग पितृ अमावस्या का श्राद्ध जरूर करते हैं। इस तिथि पर किसी का भी श्राद्ध किया जा सकता है इसलिए ही इसे सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या कहा जाता है।

### पूर्वज रहते हैं प्रसन्न

सर्व पितृ अमावस्या पर अपने पितरों का श्राद्ध करना बहुत जरूरी होता है। इससे पूर्वज प्रसन्न रहते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। सर्व पितृ अमावस्या पर ब्राह्मणों को भोजन जरूर कराना चाहिए। इस दिन ब्राह्मण को भोजन करवाने या दान देने से पुण्य की प्राप्ति होती है। किसी का अनादर नहीं करना चाहिए। इससे पितर नाराज हो सकते हैं।

शिव वरदानी भवन सरकण्डा में राजयोग भट्ठी कार्यशाला

## परमात्मा करता है सर्व का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव वरदानी भवन श्री विहार सेंटर सरकण्डा में तीन दिवसीय राजयोग भट्ठी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय स्व पुरुषार्थ की नींव दृष्टि परिवर्तन था। जिसे नई दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार और आध्यात्मिक वक्ता ब्रह्माकुमार अनुज भाई ने संचालित किया।


कार्यशाला के प्रथम दिवस ब्र.कु. अनुज भाई ने बताया कि परमात्मा किसी का फायदा या नुकसान नहीं करता, बल्कि वह सर्व का कल्याण करता है। द्वितीय दिवस श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित निष्काम कर्मयोगी बनने की प्रेरणा दी गई। तृतीय दिवस मानवीय बंधनों को संबंधों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ बनने की युक्ति बताई गई। ब्रह्माकुमार अनुज भाई के सान्निध्य में मीडिया के बदलते मानक और उसका प्रभाव एक समाधान परक चर्चा विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुप्रिया भारतीयन, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मंजू दीदी थीं। ब्रह्माकुमार अनुज भाई का तिलक लगा, पगड़ी पहना और रक्षा सूत्र बांधकर सम्मान किया गया। अंतिम दिन परमात्मा शिव अवतरण की स्मृति में सभी के लिए ब्रह्मा भोजन का आयोजन किया गया। ब्र.कु. अनुज भाई ने प्रेरणादायक आध्यात्मिक गीत गाकर नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. राखी बहन ने किया। कार्यक्रम में संस्था की मुख्य संचालिका रमा दीदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इंटर कालेज कबड्डी पुरुष स्पर्धा का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की मेजबानी में आयोजित इंटर कालेज कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का भव्य आगाज़ हुआ। इस प्रतियोगिता में अटल बिहारी वाजपेयी से संबंधित शासकीय व अशासकीय 21 महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया।

इसमें शासकीय महाविद्यालय रतनपुर, एस एन जी कालेज मुंगेली, शासकीय महाविद्यालय मस्तूरी, शासकीय मदन लाल कालेज सीपत व शासकीय साइंस कालेज बिलासपुर ने अपने अपने मैच जीतकर क्वाटर फाइनल में जगह बनाया है। वहीं मेजबान एलसीआईटी कालेज ने चौकसे कालेज को 35-15 के मुकाबले 20अंकों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इसके आयोजक महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित कबड्डी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 19 से 20 सितंबर तक कराने की जिम्मेदारी



एलसीआईटी कालेज को मिला है। प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ एलसीआईटी कोर्टयार्ड इंडोर हॉल में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रमोद कुमार तिवारी, डॉक्टर जय शंकर यादव, डॉक्टर प्रमोद कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार जैन, अंकित जैन, उपकार राय, उप प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस उप प्राचार्य अभिनव पाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता आरम्भ कराया।

## खबर संक्षेप

### दुर्गोत्सव के दौरान शांति बनाए रखने ली गई बैठक



**मल्हार।** नवरात्रि के दौरान दुर्गोत्सव में शांति व्यवस्था बनाए रखने शुक्रवार को स्थानीय विश्राम गृह में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त तहसीलदार रोशन साहू, सीएमओ मनीष सिंह एवं चौकी प्रभारी ओंकार धर दिवान ने मल्हार के दुर्गोत्सव समिति के प्रभारियों को शालीनता पूर्वक दुर्गोउत्सव मनाने की समझाइश दी। समिति के प्रभारियों को बताया गया कि, डीजे के शोर से बचने दुर्गा पंडाल ऐसा बनाएं कि, आम जनता को किसी भी प्रकार असुविधा न हो।पर्व के दौरान नशाखोरी एवं किसी भी प्रकार के विवाद नहीं करने की हिदायत दी गई। सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण एवं खुशनुमा माहौल में उत्सव धूमधाम की समझाइश दी गई। बैठक में नपं उपाध्यक्ष सुशील चौबे, ठेकेदार चेतन तिवारी, पार्षद रामफल कांत, पार्षद प्रतिनिधि मनराखन केवट, पटवारी पवन पठारी, कोटवार हीरालाल गंधर्व सहित सभी दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

### पुत्र ही नहीं अन्य संबंधी भी कर सकते हैं श्राद्ध कर्मः गोलू महराज




**करगीरोड कोटा।** श्राद्ध कर्म करते हुए गौरी शंकर हनुमान मंदिर नाका के पुरोहित गोलू महराज ने कोटसागर तालाब में जल तर्पण के दौरान बताया कि, यह अधिकार केवल पुत्र ही नहीं, बल्कि पौत्र, प्रपौत्र, भाई, भतीजा और सपिंड संबंधियों को भी प्राप्त है। समानोदक अर्थात जिनकी उदक क्रिया समान है, वे भी श्राद्ध कर सकते हैं। मातृ पक्ष के लोग भी अपने पितृ पक्ष में दाह संस्कार करने के अधिकारी होते हैं। यदि मातृ कुल और पितृ कुल दोनों में कोई पुरुष शेष न हो, तो स्त्री भी यह धार्मिक क्रिया कर सकती है। यदि स्त्री भी न हो, तो निकट मित्र को भी यह कर्तव्य निभाने का अधिकार है।

### केशरवानी कॉलेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन




**करगीरोड कोटा।** शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत अभियान के तहत 'स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मंच के संभागीय प्रभारी डॉ सुनील श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि, स्वदेशी सामग्रियों का क्रय करने से न केवल देश के उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने विदेशी सामग्रियों का बहिष्कार कर स्वदेश में निर्मित वस्तुओं के उपयोग का संकल्प दिलाया, और सभी सो स्वदेशी अपनाने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी भैया भृगु अवस्थी, भैया पांडे, पूर्व पार्षद नरेंद्र बाबा गोस्वामी, अमन अग्रहरि, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, महाविद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रंग-बिरंगे कांच से सजा माता का दरबार बना आकर्षण का केंद्र




**लोरमी।** नगर के पहाड़ पर स्थित अधिष्ठात्री देवी मां महामाया मंदिर के गर्भगृह में कांच से आकर्षक साज-सज्जा की गई है, जिससे गर्भगृह नए स्वरूप में निखर का सामने आया है। दर्शनार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो रही है, जिसकी व्यापक तैयारियां देवी मन्दिर में जोरों से चल रही है। श्रद्धलु नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराने पहुंच रहे हैं। इस वर्ष समिति ने गर्भगृह एवं सामने के कुछ हिस्सों को दिल्ली की रवि कक्कड़ की कुशल कारीगरों की टीम ने कांच से विभिन्न रंग-बिरंगे व चमकीले रूप में सूसज्जित किया है। इसके लिए कारीगरों ने बीते एक सप्ताह से माता के गर्भगृह को सजाने में लगे रहे। नए रंग रोगन से मंदिर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है एवं माता के भक्तों के लिए यह आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज

**सीपत।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के मार्गदर्शन में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति के लिए स्थानीय विश्रामगृह में रविवार को शाम 5 बजे महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें विशेष रूप से मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पर्यवेक्षक के रूप में भागवत साहू, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने दी।

### लोगों को दलदल भरी सड़क पर चलने से हो रही परेशानी

# गोइंद्री से भीमपुरी तक सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

मुंगेली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के बहुतेरे गांव ऐसे हैं, जहां तक जाना खतरे से खाली नहीं है। जरहागांव से गिधा नाला तक मुख्य सड़क से गोइंद्री जाने के अनेक मार्ग हैं, लेकिन सभी सड़कों जर्जर हालत में हैं। सड़क पर केवल गड्ढा एवं कीचड़ दिखाई देता है। ग्रामीणों ने बताया कि, सड़क की समस्या को लेकर जनदर्शन एवं स्थानीय नेताओं के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन केवल मरम्मत कराने आश्वासन मिलता है।

स्कूली बच्चों को होती है परेशानी- गोइंद्री के सरपंच तेज कुमार पात्रे ने बताया कि, एनएच सड़क से होकर नगर सड़क मार्ग है, जहां कोई पैदल चले तो इसकी हालत खराब हो जाएगी। वहीं नहर मार्ग से गांव जाने की सड़क है, जहां बाइक से जाने पर 10 मिनट का रास्ता तय करने के लिए आधा घंटा लग जाता है। उसी रास्ते से अनेक छात्र स्कूल जाते हैं एवं बरसात में गड्ढों में पानी भरे होने के कारण बच्चे सायकल से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। यहां तक कई बच्चे गिर कर घायल भी हो चुके हैं।



#### खेती किसानी के कार्य बाधित

खेती से जुड़े कार्यों के लिए गांव के किसान सड़क मार्ग से होकर खेतों में जाते हैं, लेकिन कीचड़ होने से न सायकल चल पाती न बाइक। किसी तरह सिर से पैदल किसान खेतों तक पहुंचते हैं। इसके अलावा रोजाना गांव से निकल कर दैनिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ता है, लेकिन पानी गिरने पर लोग कीचड़ से सराबोर हो जाते हैं।

### गड्ढेयुक्त सड़क पर चलकर रतनपुर आएंगे श्रद्धालु

रतनपुर। धार्मिक नगरी रतनपुर में शारदीय नवरात्र का पर्व शुरू होने वाला है। महामाया चौक से लेकर थाना रोड गांधीनगर होते हुए मन्दिर पहुंच मार्ग की सड़क जर्जर स्थिति में है। सड़क बड़े-बड़े गट्ढ़ो में तब्दील हो गई है। ज्ञात हो कि महामाया मंदिर में प्रशासनिक बैठक में भी कलेक्टर के समक्ष यह मुद्दा उठाया गया था, जिस पर कलेक्टर ने इसे तत्काल ठीक करने के आदेश दिया था मगर अब तक रोड की स्थिति को देखने कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं। जिससे दर्शनार्थियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। रोड में गड्ढों के कारण एक्सीडेंट होने की संभावना बहुत बढ़ गई है। गौरतलब है कि आगामी 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्र पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व में लाखों श्रद्धालु मातारानी के दर्शन को पहुंचते हैं। महामाया चौक से लेकर महामाया पार्किंग स्थल तक जाने वाली सड़क बहुत खराब हो चुकी है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद भी उस रोड पर अब तक किसी भी प्रकार का कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया है।



## सहकारी बैंक के मैनेजर के घर चोरी, 25 हजार का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जिला सहकारी बैंक मैनेजर के घर में ग्रील तोड़कर अज्ञात चोर ने गणेश भगवान के चांदी की मूर्ति सहित 25 हजार का सामान और नकद पार कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।



जानकारी के अनुसार उसलापुर स्थित एफएम पार्क निवासी पोषण कुमार सोनी जिला सहकारी बैंक पथरिया में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं। इनका तखतपुर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित सरदार पेट्रोल पंप के पास भी मकान है। 17 सितम्बर को रात्रि 8 बजे घर वे दरवाजे पर ताला लगाकर अपने उसलापुर वाले आवास में चले गए। 19 सितम्बर को सुबह 9 बजे घर आए तो देखा कि घर में रखे खिडकी मे लगे लाहे के ग्रील को तोड़कर अंदर घुसकर कमरे के ताले को तोड़कर आलमारी में रखे सामान 1 जोड़ी पायल चांदी का, 2 नग गणेशजी की मूर्ति चांदी की कीमती 5000 रुपए व रकम करीबन 18500 रुपए जुमला कीमती 23 हजार 500 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति चोर चोरी कर ले गया पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## पत्नी से मारपीट, पति पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

पति के द्वारा पत्नी के सामने ही दूसरे से मोबाइल पर बात करने पर पत्नी के मना करने पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट की पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है



ग्राम नवाडीह पाली निवासी मीना बाई साहू ने 16 वर्ष पूर्व पहले पति से तलाक होने के बाद ग्राम नवाडीह पाली के राधेलाल साहू से शादी की थी, तब से राधेलाल साहू के साथ रहती है। उसके 3 बेटे व एक बेटी है। शादी करने के बाद से ही राधेलाल साहू शराब पीकर लड़ाई झगड़ा मारपीट करते रहता है। 18 सितंबर को दोपहर में अपने घर पर टीवी देख रही थी। करीबन 2 बजे पति राधेलाल साहू शराब पीकर घर आया, जिसे खाना खाने के लिए बोली, तब पति राधेलाल अश्लील गालियां देने लगा, उसी समय पति के मोबाइल पर किसी महिला का फोन आया, तथा पति फोन पर बात करने लगे, तब अपने पति से पूछी कि किस महिला से बात कर रहे हो, तब पति राधेलाल अश्लील गालियां देते हुए मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर 296, 115(2), 351(2) की धारा कायम कर विवेचना में लिया है।

# संगवारी महिला समिति ने किया बच्चों को स्कूल बैग का वितरण

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत की संगवारी महिला समिति की ओर से 19 सितंबर शुक्रवार को देवरी की शास स्कूल में स्कूल बैग का वितरण किया गया। समिति की अध्यक्षा साधना पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा पहली से पांचवी तक के करीब 100 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग प्रदान किए गए।

उल्लेखनीय है कि, सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के प्रति संगवारी महिला समिति की सक्रिय सहभागिता न केवल उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों को सुदृढ़ बना रही है, बल्कि समुदाय के विकास के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में किए जा रहे ये प्रयास समिति को और अधिक सजग और संवेदनशील बना रहे हैं। इस मौके पर साधना पाण्डेय ने कहा कि, शिक्षा किसी भी छात्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। बच्चों तक शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं पहुंचाना हमारे लिए गर्व की बात है। हमें विश्वास है कि, ये छोटे-छोटे सहयोग उनके भीतर आत्मविश्वास जगाने और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर संगवारी महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के पश्चात, संकुल प्रभारी धर्मेन्द्र गौरहा एवं देवरी प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक कृष्ण कुमार रात्रे ने संगवारी महिला समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में उपस्थित समिति की सदस्य।

### उसलापुर, पोड़ी, विजयपुर और सिलतरा के लिए विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत

**सकरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत तखतपुर विकासखंड को 13.14 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इन कार्यों में सबस्टेशन के लिए 8.73 करोड़ की लागत से उसलापुर, पोड़ी, विजयपुर सिलतरा में स्थापित किए जाएंगे। 4.41 करोड़ की लागत से पेंडारी, गनियारी, सकर्रा, पूरा बेलपान, नग़ोई और पकरिया में पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इन सभी स्वीकृत कार्यों के लिए शासन द्वारा राशि जारी कर कार्यादेश जारी कर दिया गया है। नए सबस्टेशन और अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर के स्थापना से आसपास के लगभग 110 गांव में बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा एवं लो वोल्टेज की समस्या से आमजन को निजात मिलेगा। विधायक के निज सलाहकार विद्युत विभाग श्याम नारायण गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप सहित भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि इन विकासकार्य की स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह को उनके जन्मदिन पर सौगात स्वरूप भेंट की है। विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि जब मैं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र का विधायक बना उस समय इस क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की भारी समस्या थी जिस समस्या से आमलोगों को निजात दिलाने के लिए सबस्टेशन एवं पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग मैं करता रहा। मेरी मांग को समझते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तखतपुर को चार सब स्टेशन और छह अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापना की सौगात दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दुपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी। मामले पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खम्हरिया निवासी रामकली मानिकपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसका पुत्र संदीप मानिकपुरी दुपहिया सीजी 10 एएक्स 1194 से तखतपुर आ रहा था। वह रात 9 बजे खम्हरिया के पास सामने की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। उक्त शिकायत पर पुलिस ने धारा 125,ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।



## सेवा पखवाड़ा विद्यार्थियों में सेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर

**सीपत।** शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की अहम भूमिका रही।

स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपत के चिकित्सा अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को एचआईवी संक्रमण से बचाव, हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर व स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। सेवानिवृत्त नेत्र सहायक अधिकारी डॉ. डीआर यादव ने छात्र-छात्राओं की नेत्र जांच कर निःशुल्क उपचार किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रभारी प्रो. श्वेता पंड्या, प्रो. एमडी स्वर्णकार, प्रो. नीना बखरिया एवं डा. पूजा यादव मौजूद रहीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रशांत कुमार यादव, मिथिलेश कुमार श्रीवास, अनीता धीवर, आरती, शारदा, यशवंत, लक्ष्मी पटेल, विकास, सुबीर कुमार, नरेंद्र कुमार, काजल यादव, दीप्ति, खुशबू, संगीता साहू, दीपक राठौर, प्रियंका, सारथी, अरमान खान सहित अन्य ने सक्रिय सहयोग दिया। शिविर का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे द्वारा किया गया।



## मिड डे मील की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**सीपत।** स्कूल शिक्षा विभाग, विकासखंड मस्तूरी के संकुल केंद्र सीपत सेजेस स्कूल में शनिवार को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन स्व सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव और रसोइयों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में संकुल केंद्र कन्या सीपत और बालक सीपत के अंतर्गत आने वाले 17 विद्यालयों सीपत, नवाडीह, बरेली, कौवाताल, झलमला, नवागांव, मचखंडा और नरगोड़ा सहित अन्य ग्रामों से जुड़े 57 सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव, जिला कलेक्टर बिलासपुर, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मस्तूरी के निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। संकुल शैक्षिक समन्वयक बालक सीपत श्रीकांत श्रीवास ने कहा कि मध्यान्ह भोजन बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य से जुड़ा हुआ है। इसलिए प्रत्येक स्व सहायता समूह और रसोइया शासन द्वारा निर्धारित मीनू और मात्रा का पालन करें। स्वच्छता और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संकुल शैक्षिक समन्वयक कन्या सीपत प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्य सचिव के दिशा-निर्देश केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने का ठोस कदम है। हर सदस्य की जिम्मेदारी है कि वह पूरी निष्ठा के साथ नियमों का पालन करे। बैठक में स्व सहायता समूह और एमडीएम संचालक प्रधान पाठक लक्ष्मी माल्या, किरण पाटले, गायत्री साहू, गीता धीवर, अनुसुइया धीवर और त्रिवेणी साहू सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित रसोइया संघ की सदस्य।

### पड़ोसियों ने मिलकर युवक को उतारा मौत के घाट

**कोरबा।** जिले में पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। ग्राम साजा पानी के रहने वाले शत्रुघ्न चौहान 44 वर्ष पर आरोपी था कि वह पड़ोसी की पत्नी पर बुरी नजर रखता है। जिसके बाद पड़ोसियों ने मिलकर उसे इतना मारा कि उसकी जान ही चली गई। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम साजापानी का है।

### निधन

#### रामानंद ताम्रकार



**मुंगेली।** सुभाष वार्ड सोनारपारा निवासी रामानंद ताम्रकार का 77 वर्ष की आयु में 20 सितम्बर को निधन हो गया। वे आरएसएस के जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख संदीप ताम्रकार, सुदीप ताम्रकार के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवारी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नगरवासी उपस्थित थे।

आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रबंधन का किया घेराव

## सौ वर्ष पुराने आश्रम में ग्रामीणों को पूजा करने से माइंस के अधिकारी ने रोका

**सकरी।** तखतपुर विकासखंड के ग्राम छतौना के हिर्री माइंस खदान स्थित सौ वर्ष पुराने श्री सिद्ध मुनि बाबा आश्रम में ग्रामीणों को पूजा करने से माइंस के अधिकारी ने रोक दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रबंधन का घेराव कर दिया। प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच जमकर तकरार हुआ। जिसके बाद आइडेंटिटी कार्ड दिखाने के बाद आश्रम में प्रवेश पर सहमति बनी।

मामला तखतपुर विकासखंड के ग्राम छतौना के हिर्री माइंस खदान का है, यहां से भिलाई स्टील प्लांट के लिए मटेरियल की सप्लाई की जाती है। उक्त जमीन का जब खदान के लिए अधिग्रहण हुआ उसके पूर्व श्री सिद्ध मुनि बाबा आश्रम स्थित है। यहां के ग्रामीण वहां आस्था के साथ पूजा अर्चना करते रहे हैं। विगत चार माह पहले उक्त एरिया में एक हत्या हो जाने के बाद माइंस प्रबंधन ने वहां गेट लगाकर ग्रामीणों का प्रवेश वर्जित कर दिया। अब दो दिन बाद नवरात्र होने के कारण वहां प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रामीण ज्योति कलश और पूजा अर्चना की तैयारी के लिए दो दिन पूर्व वहां पहुंचे तब सीआईएसएफ के जवानों ने माइंस उप महाप्रबंधक के आदेश का हवाला देकर ग्रामीणों को वहां जाने से रोक दिया। इससे स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए जिसके बाद 18 सितंबर को छतौना के पूर्व सरपंच शिवप्रसाद कौशिक एवं अन्य ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर को पत्र लिखकर अपनी धार्मिक भावनाएं आहत होने एवं प्रबंधन को ज्योति कलश एवं पूजा पाठ के लिए ग्रामीणों को प्रवेश दिलाने की मांग की। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उप महाप्रबंधक को आदेशित किया की मंदिर में पूजा पाठ करने आने जाने वाले भक्तों को न रोका जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वो एसडीएम के आदेश के साथ वहां पहुंचे तो माइंस मैनेजर सोमनाथ सिंह ने एस डी एम के आदेश को मानने से इनकार करते हुए कहा कि ये सेंट्रल गवर्नमेंट का कार्यालय है यहां स्टेट गवर्नमेंट का हस्तक्षेप नहीं चलता इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शनिवार को स्थानीय जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुलसी कौशिक एवं भाजपा नेता राजेश तंबोली के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रबंधन का घेराव कर दिया। ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच जमकर तू तू मै मैं होने के बाद ग्रामीणों के आक्रोश और आस्था के सामने अधिकारी झुके और पहचान पत्र दिखाकर प्रवेश देने राजी हुए।



#### मुझे अथारिटी नहीं

ग्रामीणों ने एसडीएम को गलत जानकारी दी है। मुझे स्टेटमेंट देने की अथारिटी नहीं है। भिलाई कार्यालय से आप बात कर सकते हैं।

**सोमनाथ सिंह,**
मैनेजर हिर्री माइंस खदान

## कोल साइडिंग मामले को लेकर नायब तहसीलदार ने की ग्रामीणों से चर्चा



**सकरी।** ग्राम मेढ़पार छोटा में प्रस्तावित महाकाल कोल साइडिंग एवं क्रशर डिपो खुलने के विरोध में ग्रामीणों ने आत्मदाह की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा था। उक्त मामले में शनिवार को सकर्रा के नायब तहसीलदार सहोरिक यादव गांव के पंचायत भवन पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की।

नायब तहसीलदार ने उन्हें ग्रामीणों को समझाया लेकिन ग्रामीण कोल साइडिंग नहीं खोलने की जिद को ले कर अड़े रहे। ग्रामीणों की उपस्थित में पंचनामा बनाया गया जिसे लेकर भी ग्रामीण आक्रोशित दिखे। मेढ़पार छोटा में प्रस्तावित महाकाल कोल साइडिंग एवं क्रशर डिपो न खुले इसको लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था और ग्रामीणों के विरोध के बाद भी अगर अनुमति दी गई तो 2 अक्टूबर को आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और नायब तहसीलदार ग्रामीणों से चर्चा करने पहुंचे ग्रामीणों ने तहसीलदार की उपस्थिति में डिपो का जमकर विरोध किया। मेंढ़पार में नायब तहसीलदार, पटवारी प्रशांत वर्मा,सचिव दिनेश कौशिक सहित सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा (1) श्री स्वपन कुमार दत्ता पिता एस.के. दत्ता, (2) श्रीमती रंजना दत्ता पति सपन कुमार दत्ता दोनों निवासी भूतल वैशाली अपार्टमेंट टिकरापारा बिलासपुर से इनके नाम पर फ्लैट जो कि मौजा जूना बिलासपुर मोहल्ला टिकरापारा तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में शीट नम्बर-20, ब्लॉक नंबर 9, खसरा नंबर 144/6 में से कुल रकबा 0.18 एकड़ है जिस पर वैशाली अपार्टमेंट नामक आवासीय परिसर निर्मित है उक्त अपार्टमेंट के भूतल स्थित फ्लैट नं. बी-1, रकबा 1075 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय /अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय
(1) श्री प्रज्ज्वल गुप्ता
मो. 9977787876
(2) श्री प्रतीक गुप्ता
मो. 8319108373
दोनों पिता सुनील गुप्ता
दोनों निवासी किला वार्ड जूना
बिलासपुर छत्तीसगढ़


आदित्य अग्रवाल जी
विजय ताम्रकार जी
श्याम साहू जी
केदार खत्री जी
गुलशन ऋषि जी
दीपक सिंह ठाकुर जी
"अमर संकल्प है" निर्भीक है निर्भय है... जो सभी के हृदय में व्याप्त है...
कोई उनका पर्याय नहीं... वह " स्वयं ही पर्याप्त है"!
"जननायक " हमारे नेता, हमारे मार्गदर्शक , विकासपुरुष
मा. अमर अग्रवाल जी
विधायक बिलासपुर
आदरणीय अमर भैय्या जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
दुर्गेश पाण्डेय
जिला मीडिया सह-प्रभारी भाजपा बिलासपुर
चुन्नीलाल साहू
भाजपा नेता
मुकेश अधिजा
भाजपा नेता
विवेक ताम्रकार
जिला कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो बिलासपुर
महर्षि बाजपेयी
मण्डल अध्यक्ष भाजयुमो बिलासपुर उत्तर
देवेश खत्री
जिला सोशल मीडिया प्रभारी, भाजपा बिलासपुर
New Sai Graphics # 9098329595

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर नहीं रायपुर होकर चलेगी अमृत भारत ट्रेन

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने जोन के यात्रियों को अमृत भारत ट्रेन की सुविधा देने घोषणा कर दी है, जिसमें इस ट्रेन की सुविधा बिलासपुर जोनल स्टेशन के यात्रियों के बजाय रायपुर और गोंदिया स्टेशन के यात्रियों को मिलेगी। जानकारी के अनुसार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का जल्द ही परिचालन ब्रम्हापुर ओडिशा से उधना सूरत महाराष्ट्र के बीच प्रारंभ किया जाएगा। यह नई ट्रेन ओडिशा से गुजरात तक सीधी लंबी दूरी की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के अलावा पूर्वी, मध्य, पश्चिम भारत के महत्वपूर्ण जिलों व शहरों को जोड़ेगी। इस नई ट्रेन के मार्ग में बिलासपुर जोनल स्टेशन के बजाय रायपुर, गोदिया स्टेशन को शामिल किया गया है। इससे पहले भी वंदेभारत एक्सप्रेस को रेलवे बोर्ड ने शुरु किया था, जिसका परिचालन दुर्ग से रायपुर होकर विशाखापट्टनम तक किया गया। जोन मुख्यालय होने के बावजूद बिलासपुर जोन की हमेशा से उपेक्षा की जाती रही है, जिसमें इस बार भी बोर्ड ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की घोषणा तो की और स्टापेज में बिलासपुर जोनल स्टेशन को उसमें शामिल नहीं किया गया। आधुनिक एलएचबी कोच से युक्त, आरामदायक यात्रा अनुभव जिसमे बेहतर सीटिंग और ऑनबोर्ड की सुविधा होगी।

### जोनल मुख्यालय में हिंदी वाक प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** शुक्रवार को रेलवे मुख्यालय तथा नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति बिलासपुर के सदस्य कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारियों के लिए जोनल रेलवे सभाकक्ष में हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक 1 शिवशंकर लकड़ा, उपमहाप्रबंधक सामान्य समीरकांत माथुर, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी सिग्नल एवं दूरसंचार शिवरंजनी पोपली मौजूद थे। प्रतियोगिता में जोनल कार्यालय तथा नगर स्थित केन्द्रीय कार्यालयों, बैंकों, निगम / उपक्रमों के 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

### खेल अलंकरण के लिए 25 तक अनुशंसा आमंत्रित

**बिलासपुर।** राज्य खेल अलंकरण के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 25 सितम्बर तक अनुशंसा आमंत्रित की गई है। अलंकरण के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान एवं गुण्डाधूर सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। यह सम्मान प्रतिवर्ष एक खिलाड़ी को दिया जाता है। चयनित खिलाड़ी को 1 लाख नकद, अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार गुण्डाधूर सम्मान के अंतर्गत 1 खिलाड़ी या 1 दल को प्रदान किया जाएगा। उन्हें भी 1 लाख रुपए नकद, अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी
कालड़ा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, बैकियल प्लेक्सेस इंज्युरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

सरकार को दिया आदेश- मस्तूरी पुलिस द्वारा जब्त 18 कारें बिना हाईकोर्ट की अनुमति के नहीं छोड़ी जाएंगी

# हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी- पुलिस का प्रकोप केवल गरीब, मध्यम वर्ग पर, अपराधी या धनवान तो नख-दंतहीन बाघ बन जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी रोड पर देर रात 18 कारों में स्टंटबाजी और रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले को हाईकोर्ट ने संज्ञान में ले लिया है। मामले को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने आदेश दिया है कि मस्तूरी पुलिस द्वारा जब्त की गई 18 कारों को हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं छोड़ा जाएगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 23 सितंबर को रखी है जिसमें छग सरकार के मुख्य सचिव को हलफनामा दायर करने कहा गया है। जिसमें बताना होगा कि इन अपराधियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है। साथ ही आदेश की कापी को छग सरकार, मुख्य सचिव को भेजने कहा गया है।

- **अगली सुनवाई 23 सितंबर को जिसमें छग सरकार के मुख्य सचिव को हलफनामा दायर करने कहा गया है**

कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी करते हुए यह भी कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस का प्रकोप केवल गरीब, मध्यम वर्ग और दलितों पर ही बरसता है। जब लेकिन अपराधी कोई धनी व्यक्ति होता है, चाहे वह बाहुबली हो, धनी हो या राजनीतिक समर्थन, तो पुलिस अधिकारी नख-दंतहीन बाघ बन जाते हैं। ऐसे अपराधियों को मामूली जुर्माना भरकर छोड़ दिया जाता है और उनके वाहन भी छुड़ाकर मालिकों को सौंप दिए जाते हैं।

गौरतलब है कि तीन दिन पहले बिलासपुर मस्तूरी रोड पर देर रात 15-20 कारों में स्टंटबाजी और रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई थी। वीडियो में युवाओं को तेज रफ्तार से गाड़ियां दौड़ाते, डोनट स्टंट करते और सड़क पर खतरा पैदा करते देखा गया। हाईकोर्ट ने भी मामले में संज्ञान लिया है और शासन से जवाब मांगा।



### पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई केवल दिखावा

कोर्ट ने यह भी कहा है कि पुलिस अधिकारियों को आखिर ऐसे अपराधियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने से कौन और क्यों रोकता है। ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के लिए गैर जिम्मेदार होते हैं और अन्य यात्रियों की जान को खतरे में डालते हैं। ऐसे गुंडा तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जो उनके जीवन के लिए एक सबक हो। कोर्ट ने यह भी कहा है कि वर्तमान मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई केवल दिखावा है। कोर्ट ने साफ निर्देश दिया है कि मस्तूरी पुलिस द्वारा जब्त की गई 18 कारों को हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं छोड़ा जाएगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर छग सरकार के मुख्य सचिव को हलफनामा दायर करने कहा गया है। जिसमें बताना होगा कि अपराधियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को रखी गई है। साथ ही आदेश की कापी को छग सरकार, मुख्य सचिव को भेजने कहा गया है।

#### लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश

मामले की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भरत की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभियान चलाया और स्टंट में शामिल 18 गाड़ियों को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही कार मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफ़ारिश की गई है। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से की गई है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। गाड़ियों के मालिकों की पहचान कर ली गई है और सभी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही युवाओं को चेतावनी दी गई है कि सार्वजनिक सड़कों पर स्टंटबाजी करने पर कड़ी सजा दी जाएगी।

## कोर्ट की नाराजगी के बाद 17 युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

मस्तूरी पुलिस ने दो दिन पहले नेशनल हाइवे में कार्रवाई करते हुए 17 वाहनों में सवार युवकों को पकड़ा था, ये युवक कारों की खिड़की के बाहर, सनरूफ से बाहर निकलकर हंगामा मचाते हुए ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे, युवकों को पकड़ने के बाद पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर सभी को छोड़ दिया था। शनिवार को हाईकोर्ट द्वारा नाराजगी जताए जाने के बाद नींद से जागी पुलिस ने उक्त कार सवार 17 युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है, लेकिन पुलिस सिर्फ 9 वाहनों की जब्ती कर पाई है।


- **सिर्फ 9 गाड़ियां जब्त कर पाई पुलिस**

17 सितंबर की रात शहर के युवक कार में सवार होकर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मस्तूरी क्षेत्र के फार्महाउस में पार्टी मनाने जा रही थे। इस दौरान युवकों ने नेशनल हाइवे में कार की खिड़की व सनरूफ से बाहर निकलकर हंगामा मचाते हुए स्टंट किया। इस दौरान उस मार्ग में जाने वाले वाहन सवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरे दिन सोशल मीडिया में स्टंट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने युवकों को कार सहित थाने बुलाया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर सभी को छोड़ दिया। हाईकोर्ट ने स्टंट की घटना को संज्ञान लेते हुए नाराजगी जताई, उसके बाद 17 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है, परन्तु किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। मजेदार बात यह है कि पुलिस सिर्फ 9 वाहनों की जब्ती कर पाई है, बाकी 7 वाहनों की जब्ती नहीं की गई है।

### इनके खिलाफ दर्ज हुआ जुर्म

मस्तूरी निवासी रविन्द्र सोनी पिता राजेन्द्र प्रसाद सोनी 34 साल की रिपोर्ट पर कार क्रमांक सीजी 04 एनएस 3500, सीजी 10 एबी 4608, सीजी 07 बीक्यू 3099, सीजी 10 एबी 4945, सीजी 04 क्यूआर 4169, सीजी 10 एपी 4500, सीजी 10 एजी 4300, सीजी 10 बीआर 9554, डीएल 8 सीएएन 7216, सीजी 10 बीजी 5642, सीजी 10 बीएन 4631, सीजी 22 एडी 8888, सीजी 10 एक्यू 2888, सीजी 10 एआर 3375, सीजी 04 बीक्यू 2141, सीजी 04 एएच 9218, सीजी 15 डीवाय 5376 के चालक निहाल, आकाश श्रीवास्तव, पवन यादव, आर्दश भेड़िया, प्रियांशु बकसेल, लक्ष्य कुबरा गड़े, लक्षम दास, साहिल बेरिया, कृष तिवारी, शुभम दुबे, अमीन श्रीवास्तव, मोनू गुप्ता, विवेक शर्मा, रिंकू श्रीवास्तव, सत्यजीत केशरवानी, चीकू सोनी, सुशांत सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 285, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर 9 गाड़ी जब्त कर लिया है।

## ट्रैफिक सिग्नल बंद, नर्मदा नगर चौक पर ट्रैफिक जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से शनिवार की सुबह 11 बजे नर्मदा नगर चौक पर ट्रैफिक जाम हो गया। भीषण गर्मी में जाम में फंसे लोग पसीना बहाते रहे। ट्रैफिक पेट्रोलिंग के आने बाद व्यवस्था सुधरी और लोगों ने राहत की सांस ली।

मंगला चौक से गौरवपथ मार्ग पर सुबह और शाम को ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। व्यवस्था बनाने के लिए मंगला चौक, नर्मदा नगर चौक, अमेरी चौक में ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाई गई है। ट्रैफिक सिग्नल चलने से लोग व्यस्थित रूप से आवागमन करते रहते हैं। शनिवार की सुबह 11 बजे अचानक नर्मदा नगर चौक की ट्रैफिक सिग्नल लाइट बंद हो गई। उसके बाद चारों दिशाओं से वाहनों के बेलगाम तरीके से प्रवेश करने पर ट्रैफिकजाम हो गया। देखते ही देखते चौक के चारों ओर आधा किलो मीटर दूर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। भीषण गर्मी में वाहन सवार जाम में फंसकर हलाकान होते रहे। चौक पर व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान नहीं थे, जिससे लोगों ने स्वयं व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया, किन्तु बेलगाम गाड़ियों के प्रवेश होने से व्यवस्था सुधर नहीं पा रही थी।

जाम की सूचना ट्रैफिक पुलिस को दी गई। उसके बाद मंगला चौक की ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी आई और पुलिस कर्मियों के द्वारा बेलगाम प्रवेश करने वाले वाहनों को हटाकर व्यवस्थित वाहनों को निकाला गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया और लोगों ने राहत की सांस ली।

## एक माह किशोरी को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म

### आरोपी को नहीं पकड़ पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशेड़ी युवक एक किशोरी को जबरदस्ती अपने घर ले जाकर एक माह तक मारपीट कर अनाचार करता रहा। उसकी मां छुड़ाने गई तो नशेड़ी ने उसे मारने की धमकी देकर भगा दिया। किसी तरह किशोरी उसके चंगुल से छुटकर अपने घर आई तो युवक उसके घर पहुंचकर धमकी देने लगा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर लिया है। पुलिस युवक को नहीं पकड़ पाई है।



- **आरोपी नशेड़ी फरार**
- **सरकंडा थाने का मामला**

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक बेवा महिला अपने 15 वर्षीय बेटी के साथ रहती है और शादी पार्टी के आयोजन में खाना बनाती है। 18 अगस्त को महिला शादी कार्यक्रम में चली गई थी। इसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला नशेड़ी युवक उनके घर आया और उनकी 15 वर्षीय बेटी को जबरदस्ती अपने घर ले गया। महिला घर लौटी तो बेटी नहीं मिली। आसपास में पतासाजी की तो जानकारी मिली कि नशेड़ी युवक उनकी बेटी को अपने घर ले गया था। महिला उसके घर गई तो नशेड़ी ने जान से मार देने की धमकी दी। जिससे बेबस महिला अपने घर लौट गई और घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई।

इस दौरान नशेड़ी उसकी बेटी के साथ मारपीट कर जोर जबदस्ती कर अनाचार करता रहा। एक माह बाद उनकी बेटी किसी तरह नशेड़ी युवक के चंगुल से भागकर अपने घर आई। उसके बाद नशेड़ी युवक उनके घर जाकर लगातार लड़की को नहीं भेजने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसके बाद शनिवार को मां बेटी घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने आईं, पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर नशेड़ी के खिलाफ 4, 6, 115, 2, 137, 2, 296, 351, 2, 64, 2 एम, 87 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस नशेड़ी युवक को नहीं पकड़ पाई है।

## फर्जी एप से भुगतान, मैसेज दिखाकर डॉक्टर से ठगी

**बिलासपुर।** फर्जी एप से भुगतान करने का मैसेज दिखाकर डॉक्टर से ठगी करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर परशुराम चौक निवासी सुमन शुक्ला की सकरी में क्लीनिक है।

सुधीर मारमते अपने बच्चे को लेकर उनके क्लीनिक में इलाज कराने आता था, जिससे उनकी पहचान हो गई थी। 9 सितंबर को वह उनकी क्लीनिक आया अपने बच्चे के इलाज संबंधी दवा ली। उसके बाद उनसे 3500 रुपए उधार लेकर शाम को फर्जी एप के माध्यम से उनको रुपए ट्रांसफर करना दिखाया। व्यस्त होने के कारण उन्होंने अपना एकाउंट चेक नहीं किया। उसके बाद सुधीर मारमते उनसे लगातार उधार में पैसा मांगते गया और फर्जी एप से रुपए वापस करने संबंधी आनलाइन ट्रांसफर करने का मैसेज दिखाकर चला गया। उन्होंने अपना बैंक एकाउंट रिकार्ड देखा तो उनके बैंक खाते में पैसा ट्रांसफर नहीं हुआ था। इस तरह से उनसे फर्जी एप के माध्यम से पैमेंट करने का झांसा देकर 15 हजार रुपए की ठगी की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सुधीर बारमते के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में सरकण्डा क्षेत्र में इसी तरह एक युवक दुकानों से सामान खरीदने के बाद फर्जी एप के माध्यम से पैसा ट्रांसफर का मैसेज दिखाकर ठगी कर रहा था। बाद में पुलिस ने ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया था।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
किडनी फेलयर (ARF/CRF)
डायलिसीस
बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
नेफ्रोटिक सिंड्रोम
हाई बीपी (HIGH BP)
PCNL
AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### तलवार लेकर मारने के लिए मां को दौड़ा रहा बेटा गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तलवार लेकर मारने के लिए मां को दौड़ा रहे बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली, बंधवापारा में एक युवक मारने के लिए मां को दौड़ा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर तलवार सहित बंधवापारा निवासी शिवांश उर्फ शिवा पाण्डेय पिता स्व.गुलाब प्रसाद पाण्डेय को पकड़ लिया। बताया जाता है घरेलू विवाद में युवक अपनी मां से विवाद कर परेशान करता रहता है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## दिनभर रही उमस, भरी गर्मी बिजली ने निकाला दम

**बिलासपुर।** मौसम में लगातार उलट फेर हो रहा है, शनिवार को चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया, उमस भरी गर्मी के कारण कूलर और एसी चलाने की नौबत आ गई। वहीं शाम 6 बजे के बाद आसमान पर काले घने बादल छाए और बिजली चमक के साथ बादल भी गरजने लगे, लेकिन इस दौरान बारिश नहीं हो सकी।

- **34.4 डिग्री पहुंचा तापमान**

मानसून के जाने का समय हो चुका है, लेकिन गर्मी जाने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार की सुबह से ही तीखी धूप निकली और धरती का तापमान देखते-देखते 34.4 डिग्री पर जा पहुंचा, यह मौसम व सामान्य तापमान से 2 डिग्री अधिक है। इस दौरान उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए, हर किसी को गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर और एसी का ही सहारा लेना पड़ा। गर्मी और उमस के कारण लोगों को कहीं भी चैन नहीं मिल रहा था, चिपचिपी गर्मी से बेहाल होते लोगों को शाम को खुशनुमा मौसम का सामना करना पड़ा। देर शाम मौसम ने चाल बदली और हवाओं के झोंकों के साथ ही काले घने बादल मंडराने लगे, लेकिन महज गरज-चमक ही हो सकी, हालांकि आसपास के कुछ इलाकों में बुंदाबांदी हुई।

### बिजली गुल से लोग हलाकान

जिले की बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है, रोजाना हर घंटे बिजली बंद होने के कारण लोगों के रोजमर्रा के काम खराब हो रहे है, सबसे ज्यादा व्यापारी वर्ग परेशान हो चुका है। शनिवार को दिन में कई बार बिजली बंद की गई। गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर खराब होने और 33 व 11 केवी लाइनों में फाल्ट आने के कारण घंटों बिजली बंद रही। व्यापार विहार, करबला रोड, दयालबंद, मंगला, नेहरू नगर, सकरी, जूना बिलासपुर, विद्या नगर, गांधी चौक जैसे इलाकों में लगातार बिजली बंद हो रही है। जम्पर कटने और डियो खराब होने के कारण लोगों को अंधेरे में रात गुजारने की नौबत आ चुकी है। खास बात यह है कि शिकायत के बाद भी बिजली कर्मचारियों को सुधार में घंटों समय लग रहा है, वहीं बिजली बंद के दौरान अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण उपभोक्ताओं का जीना दूभर हो चुका है।

### किराएदार ने ताला तोड़कर बुजुर्ग के मकान पर किया कब्जा

**बिलासपुर।** कोर्ट के आदेश के बाद भी ताला तोड़कर बुजुर्ग के मकान में कब्जा करने वाले किराएदार के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अज्ञेय नगर निवासी शंकर बनर्जी 73 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनके मकान को शीला मिश्रा पति स्व. एस के मिश्रा ने किराए में लिया था। उनके द्वारा 2022 से किराया नहीं दिया जा रहा है। मकान खाली करने भाड़ा नियंत्रण के द्वारा मकान खाली करने का आदेश दिया गया था। उसके विरूद्ध में किराएदार श्रीमती मिश्रा ने रायपुर स्थित अधिकरण में अपील की, जिसे निरस्त कर दिया गया था। 19 सितंबर को मालदार, पुलिस के माध्यम से मकान खाली कर उन्हें कब्जा दिलाया गया था। उसी दिन रात में किराएदार श्रीमती मिश्रा व उसके परिवार के लोगों ने ताला तोड़कर उनके मकान में कब्जा कर लिया है। पुलिस ने श्री बनर्जी की रिपोर्ट पर शीला मिश्रा, प्रीति मिश्रा, पूनम व उसके भाई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### हरनाचाका में श्रीराम चरित मानस, श्रद्धालुओं की लगी भीड़



**लोरमी।** पंडरिया के ग्राम केसलमारा से आए हुए दैवी संपद मंडल गुरुदेव शारदानंद सरस्वती के शिष्य सत्यव्रत शास्त्री के श्रीमुख से भगवान हरि विष्णु और भगवान शिव की दिव्य कथा के प्रसंगों का वाचन किया जा रहा है। आयोजन में कई जिलों से आए मानस के सुविख्यात प्रसिद्ध कथा वाचक जीवन जीने के अनेकों उदाहरणों से भक्ति की गंगा बह रहे हैं। आयोजक परिवार अरुण कुलमित्र, पुत्र प्रशांत कुलमित्र की यह शानदार और प्रशंसनीय पहल ग्राम सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हई है।

### सियाना चेतना के तहत वरिष्ठ नागरिक का सम्मान



**मल्हार।** बिलासपुर एसएसपी के निर्देशानुसार मल्हार चौकी प्रभारी ओंकार धर दीवान के नेतृत्व में पुलिस चौकी में सियान चेतना के तहत 75 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश पांडे के जन्मोत्सव पर उनको शाल, श्रीफल, बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि, उक्त सम्मान 83 वर्षीय नागरिक वरिष्ठ गयाराम वर्मा के हाथों कराया गया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त प्रधान पाठक अकतराम सिन्हा, शेषनारायण गुप्ता, हीरालाल निर्मलकर, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत लक्ष्मण कांत, भरत लाल चौहान, सुरेश अवस्थी, रघुराज पांडे, गणेश दत्त राजू तिवारी, आशुतोष वर्मा सहित सभी वरिष्ठ एवं स्टाफ के प्रधान आरक्षक मनोज राजपूत, नुवास तिग्गा, श्यामलाल सोनवानी, अभिजीत कुर्रे, विकास अंचल, सुखदेव पालके, राजेश भारती जय प्रकाश साहू, रमेश साहू किशन राय शामिल हुए।

### रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर व एसपी




**सरगांव।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर कुसुम स्मेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड स्टील प्लांट में एक विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, सीईओ प्रभाकर, एसडीएम रेखा चंद्रा, तहसीलदार सरगांव अतुल वैष्णव तथा श्रम विभाग से अभिषेक ठाकुर, श्रम निरीक्षक अंजू साहू, संतोष साहू एवं उनका समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्लांट प्रबंधन की ओर से तकनीकी निदेशक शैलेंद्र सिन्हा, वाणिज्य निदेशक अमित केडिया, मानव संसाधन विभाग की पूरी टीम तथा सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्लांट के 250 से अधिक श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु पंजीयन कराया गया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में सभी श्रमिकों को सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने का मंत्र दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन के महत्व पर जोर देते हुए श्रमिकों को संतुलित कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन करते हुए मानव संसाधन प्रबंधक आनन्द सिंह ने बताया कि कुसुम प्रबंधन श्रम विभाग के सभी आवश्यक अनुपालन को सौ प्रतिशत पालन की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

### दुर्गोत्सव के दौरान शांति बनाए रखने ली गई बैठक



**मल्हार।** नवरात्रि के दौरान दुर्गोत्सव में शांति व्यवस्था बनाए रखने शुक्रवार को स्थानीय विश्राम गृह में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त तहसीलदार रोशन साहू, सीएमओ मनीष सिंह एवं चौकी प्रभारी ओंकार धर दिवान ने मल्हार के दुर्गोत्सव समिति के प्रभारियों को शालीनता पूर्वक दुर्गोउत्सव मनाने की समझाइश दी। समिति के प्रभारियों को बताया गया कि, डीजे के शोर से बचने दुर्गा पंडाल ऐसा बनाएं कि, आम जनता को किसी भी प्रकार असुविधा न हो।पर्व के दौरान नशाखोरी एवं किसी भी प्रकार के विवाद नहीं करने की हिदायत दी गई। सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण एवं खुशनुमा माहौल में उत्सव धूमधाम की समझाइश दी गई। बैठक में नपं उपाध्यक्ष सुशील चौबे, ठेकेदार चेतन तिवारी, पार्षद रामफल कांत, पार्षद प्रतिनिधि मनराखन केवट, पटवारी पवन पठारी, कोटवार हीरालाल गंधर्व सहित सभी दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

## प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक

# लोगों का सरकार के प्रति बढ़ा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कार्यक्रम को संबोधित करते धरमलाल कौशिक।

प्रधानमंत्री मोदी के आने से देश मे सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक परिवर्तन को देश के राष्ट्रवादी नागरिकों ने स्वयं महसूस किया है, विश्व शांति के लिए सबसे अग्रणी नाम आज नरेंद्र मोदी का है। ये बातें सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कही।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के किए गए कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं प्रबुद्धजनों का सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन झूलेलाल धाम स्थित सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छग विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के आने से देश के लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। लोगों का सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा है, क्योंकि मोदी ने भारत के स्वाभिमान को बढ़ाया है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों के रोटी, मकान व स्वास्थ्य की चिंता कर कार्य किया है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को महतारी वंदन दिया जा रहा है। पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद विश्व मे भारत का मान बढ़ाया है। वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रदेश पदाधिकारी डीके सोलंकी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में निश्चित तौर पर देश का मान सम्मान बढ़ा है, देश चौथी आर्थिक शक्ति बन गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन सेवा पखवाड़ा के जिला प्रभारी विनय साहू तथा आभार जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, जिला सह संयोजक व जिला भाजपा प्रवक्ता भागीरथी यादव, पवन पांडे सह संयोजक, परमानन्द साहू, सह संयोजक, मानस प्रताप सिंह, प्रेम आर्य, राम अवतार पांडे, जेठमल कोटडिया, श्रीकांत गोवर्धन, कमलेश्वर केशरवानी, संजू गुप्ता, प्रमोद पाठक, राजमन सिंह, कोमल गिरी गोस्वामी, नरेन्द्र शर्मा, द्वारिका जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला मंत्री मानस सिंह बैस, लोकनाथ सिंह, मानिक सोनवानी, अम्बालिका साहू, सोम वैष्णव, कोषाध्यक्ष, रामेश्वर बंजारा जिला उपाध्यक्ष, जयपाल साहू, रिंकू सिंह, कोटू दादवानी, रामाधार परिहार, बाबा पर्यटन गिरी, सौरभ बाजपेयी, आशुतोष पाण्डेय, मन्नू श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास, नरेश यादव, प्रेम लाल यादव, पुहुप साहू, सनत सिंह, गोवर्धन यादव, अनूप जैन, विजय बंजारा, विजय यादव, रामनाथ सिंह सहित जिला भाजपा पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री तथा जिले के सभी समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने किया जा रहा प्रयासः धर्मजीत


स्वास्थ्य शिविर में शामिल धर्मजीत सिंह व अन्य।

**तखतपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में तखतपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरा देश मना रहा है। जिसमें लोगों को स्वच्छता स्वास्थ्य संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। तखतपुर में आज सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया औऱ आगे भी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिसमे जिला महामंत्री प्रदीप कौशि, मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू महामंत्री प्रमोद ठाकुर, मंडल महामंत्री प्रीतम कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, अमित मंदानी, अनिल शिवहरे, निलेश कश्यप अजय यादव, सरजू यादव, कोमल सिंह ठाकुर, कैलाश देवांगन, इस्लाम अंसारी, ईश्वर देवांगन, राकेश तिवारी, मलय जहानी, तिलक देवांगन, नारायण सिंह नीलेश, सिंह, राजकुमार यादव डाकेश कश्यप, राघवेंद्र पांडे सूर्या, सोहन, हेमचंद कौशिक, निहाल, राहुल तिवारी, पुष्प राज, गिरीश, मालती यादव, श्यामा रामा नंदी, उषा क्षत्री, लक्ष्मी पांडेय, सावित्री साहू, अमरीका साहू, रजनी देवांगन एवं स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का हो रहा निर्माणः चंदेल



**गौरेला।** जीपीएम भाजपा की ओर से चलाए जा रहें सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय गौरेला में प्रबुद्ध वर्ग संवाद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पुर मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि 2014 के बाद देश की परिस्थिति में व्यापक परिवर्तन आया है, एवं विकसित भारत की संकल्पना साकार हुई है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम जनता को सीधा लाभ मिला है और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठा है। जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी एवं 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' अभियान के जिला संयोजक मथुरा सोनी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कुबेर सिंग सर्राटी एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री किशन सिंग ठाकुर ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई एवं डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में कन्हैय्या सिंह राठौर, समीरा पैकरा, मुकेश दुबे, उपेंद्र बहादुर सिंह, डॉ लुशनसिंग राठौर, राकेश दीक्षित, दयाचंद पोर्ते आदि मौजूद थे।

### जिला पंचायत सीईओ ने की बाजार परिसर की सफाई



**बेलतरा।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित ने एसडीओ अमिताभ कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, एडिशनल सीईओ दीप्ति तिवारी, पंचायत इंस्पेक्टर नीरज तिवारी, उप अभियंता अनिल भारती, तकनीकी सहायक सूर्यकांत टाइगर, एडीओ नंदकिशोर राज, सरपंच ग्राम पंचायत बेलतरा सुरेश कश्यप, पंच, बिहान दीदी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर बेलतरा बाजार परिसर में साफ-सफाई की। बाजार में फैले कचरे को देखकर दुकानदारों को हिदायत देते हुए उन्हें कचरा दो अलग-अलग डस्टबिन में रख कर सुबह उसे सफाई कर्मचारी को देने की बात कही गई। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के शौचालय का निरीक्षण कर वहां भी साफ-सफाई रखने के निर्देश सरपंच को दिए गए। ग्राम पंचायत बेलतरा के सचिवालय में उपस्थित सभी ने जिला पंचायत सीईओ के साथ स्वच्छता की शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में बेलतरा सचिव पदुम सिंह कोरम, कृष्ण कुमार यादव, लक्ष्मी जायसवाल, भरत लाल कश्यप, अर्जुन कौशिक, दुर्गा साहू, प्रतिमा जायसवाल, उत्तरा बाई, संरिता बाई सहित क्षेत्र के महिलाएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**पेंड्रा।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर "सेवा ही पखवाड़ा" कार्यक्रम का आयोजन कर जिला असप्ताल एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा संदीप जायसवाल ने किया। इस दौरान जिला अस्पताल गौरेला में मरीजों को फल वितरण किया गया तथा गुरु रवींद्रनाथ टैगोर प्रतिमा स्थल की सफाई की गई। पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मोदी जी के संकल्पों और स्वच्छता संदेश को जिले के प्रत्येक सार्वजनिक स्थान पर पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्कृत बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वामी परमात्मानंद गिरी, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर, भाजपा जिला महामंत्री कुबेर सर्राटी, वरिष्ठ नेता कल्लू राजपूत, महेंद्र सोनी, द्वारका सोनी, रितेश फरमानिया, शंकर सोनी, दिलीप यादव, जयप्रकाश शिवदसानी, संदीप सिंघाई, अंकुर गुप्ता, संतोष तिवारी, मंगलेश चक्रधारी, जिला महामंत्री दुर्गेश यादव, शिव गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष श्रीवास, सन्नी आगवानी, लिमेश्वर कुशवाहा, अभय वर्मा, रामू राठौर, मंडल अध्यक्ष वीरू विश्वकर्मा, शरद ताम्रकार, कैलाश वर्मा, राधेश्याम जायसवाल, अशोक साहू, कमलेश वाक्रे, गर्वदीप साहू, ऋतुराज अग्रवाल, अभिषेक जायसवाल, राजेंद्र वर्मा, आयुष पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र चमारी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम




**मुंगेली।** 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम अंतर्गत आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र चमारी में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता संबंधी बैनर का प्रदर्शन किया गया, साथ ही स्थानीय निकायों की सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु 'स्वच्छ वार्ड स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता' का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन, नवीन समाधान, स्वयंसेवकों की भागीदारी और श्रेष्ठ प्रथाओं का आंकलन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डोर् एवं ग्राम पंचायतों को सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता, नवीनतम अपशिष्ट प्रबंधन समाधान और सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक सहभागिता जैसी पहचान प्रदान की जाएगी। इस दौरान कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के इन विविध आयामों ने समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का व्यापक संदेश दिया और सामुदायिक भागीदारी का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया।

### पुलिस, फौज में भर्ती के लिए प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ




**लोरमी।** ग्राम गोडखाम्ही में इच्छुक विद्यार्थियो के लिये शासकीय सेवा, पुलिस एवं फौज भर्ती के लिए थाना अंतर्गत निशुल्क प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ एसपी भोजराम पटेल ने किया। मुख्य अतिथि एसपी भोजराज पटेल ने विद्यार्थियो को स्वयं के विद्यार्थी जीवन की दिनचर्या के बारे में बताते हुए कहा कि, आप जीवन में जो भी करो सफलता की चिंता किए बिना एवं ईमानदारी व कड़ी मेहनत से करो, स्वयं सफल होते जाओगे। उन्होंने विद्यार्थियो को पूर्ण शिक्षा के लिये प्रेरित किया और संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, अच्छे संस्कार, सुविचार एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए जागरूक किया। एसपी पटेल ने विशेष रूप से बच्चों को अच्छे दोस्त बनाने को समझाइश देते हुये अपराध, नशे, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने एवं एक अच्छे इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने पुलिस थाने की ओर से संचालित शासकीय सेवा पुलिस एवं फौज भर्ती के लिए में प्रशिक्षण का पूरा लाभ लेने की बात कही। कार्यशाला का सफल आयोजन टीआई अखिलेश वैष्णव एवं थाना स्टाफ के नेतृत्व में पहल टीम बबीता श्रीवास एवं पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड ने किया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य, एचआईवी से बचाव पर परिचर्चा




**करगीरोड कोटा।** शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में अभिमुखीकरण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य एवं एचआईवी संक्रमण से बचाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ सान्या तिवारी मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा ने मस्तिष्क और शरीर के आपसी संबंध पर चर्चा करते हुए बताया कि, मानसिक स्वास्थ्य किसी व्यक्ति के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक कल्याण को संदर्भित करता है। । कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नाज बेंजामिन ने बताया कि, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही मनुष्य के जीवन और विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ केपी नामदेव सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने बताया कि एड्स का पूर्ण रूप से उपचार अभी तक संभव नहीं हो सका है। भारत एचआईवी एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम की संयोजक रेडक्रॉस प्रभारी डॉ संजू पाण्डेय ने बताया कि, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, अस्वस्थ व्यक्ति निराशा और दुख के कारण परेशानी का सामना करने में भी असफल हो जाता है।

### समितियों को दी गई शांतिपूर्वक दुर्गोत्सव मनाने की हिदायत



**जरहागांव।** दुर्गोत्सव को लेकर तसीलदार कमल किशोर पाटनकर एवं थाना प्रभारी नन्द लाल पैकरा ने नगर अध्यक्ष रूपाली वेद प्रकाश कश्यप, संतोष साहू एवं अन्य पार्षदों की उपस्थिति में नगर के दुर्गा समितियों के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान तसीलादार कमल किशोर पाटनवार ने कहा कि, यह धार्मिक आस्था से जुड़ा अत्यन्त पावन पर्व है। पूर्ण भक्ति, शांति तथा संयम के साथ दुर्गा पूजन उत्सव का आयोजन करना पुण्य का काम है। उन्होंने शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि, शासन की गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य है। थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा ने कहा कि, दुर्गा उत्सव के दौरान साउंड सिस्टम का उपयोग ध्यान से करना है, ताकि किसी तरह से कोलाहल न हो। हर पंडाल में भजन-कीर्तन शांतिपूर्वक सम्पन्न हो। उन्होंने कहा कि, विसर्जन सभी दुर्गा समितियां एक साथ करेंगी एवं डीजे बजाए वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर उत्सव के साथ दुर्गा विसर्जन करें। इस अवसर पर सभापति धीर सिंह बंजारे, सुरेंद्र कश्यप, संतोष साहू, सुरेश साहू, सदाराम कश्यप तथा दुर्गा समिति के सदस्यों के साथ नगरवासी मौजूद रहे।

### छात्रों को किया गया एड्स बीमारी के प्रति जागरूक



**मुंगेली।** इंटेसिफाइड आईईसी कैंपेन के अंतर्गत एचआईवी, एड्स जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ एसके रात्रे एवं दिलीप बसंत आईसी कैंपेन नोडल के मार्गदर्शन में 19 सितम्बर शहरी क्षेत्र के नगर पालिका विद्यालय में छात्रों को जिला अस्पताल की आईसीटीसी काउंसलर अनिता शुक्ला ने एचआईवी, एड्स फैलने के चार कारणों व उसके बचाव एवं साफ-सफाई के बारे में बताया गया। जिला अस्पताल के एसटीआई काउंसलर एवं इस आईसी कैंपेन के नोडल दिलीप बसंत ने किशोर स्वास्थ्य के बारे में सोशल मीडिया का उपयोग किस तरह से प्रचार-प्रसार करने और किसी भी कार्य में अपनी सोच को सकारात्मक रखने को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही जानकारी से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया गया। जिला अस्पताल से डॉक्टर संजय ओबेरॉय ने भी जानकारी दी। टीआई ग्रामीण विकास सहारा संस्था के काउंसलर सुरेन्द्र लहरे द्वारा एचआईवी और एड्स में होने वाले अंतर, उससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल के प्राचार्य विजय सोनी, स्टाफ से व्याख्याता किशन लाल देवांगन के सहयोग द्वारा इस जानकारी को जनजागरुकता हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में कुल 180 बच्चों की उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय काव्यपाठ प्रतियोगिता

# कविता के माध्यम से हिन्दी कवियों को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



हिन्दी पखवाड़ा तथा पितृपक्ष के अवसर पर भारत के गौरवशाली हिन्दी कवियों की स्मृति में डाइट पेण्ड्रा तथा साहित्य और कला को समर्पित संस्था आनंद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तर्पण नाम से जिला स्तरीय काव्यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों हेतु भारत के गौरवशाली कवियों की रचनाओं का पाठ एवं स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक आशुतोष आनंद दुबे ने बताया कि, यह आयोजन तर्पण नाम से विगत दो वर्षों से परंपरा के रूप में किया जा रहा है, जो कि आने वाले वर्षों में भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्रा के प्राचार्य उप संचालक जेपी पुष्प रहे एवं समापन सत्र में पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डाइट उपप्राचार्य आभा सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधि आलोक शुक्ला, निर्णायक के रूप में मीना शर्मा, एमपी शर्मा तथा शत्रुघ्न प्रसाद राय, कार्यक्रम प्रभारी रश्मि नामदेव एवं बतौर विशिष्ट अतिथि एम चक्रवर्ती, शांति पेन्द्रो, प्रमिला श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी वर्ग में ओंकार, मानवी शिक्षक में नीरज विजेता

रोचक और आकर्षक प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। विद्यार्थी वर्ग में भारत के गौरवशाली कवियों की काव्य पाठ प्रतियोगिता में ओंकार कैवर्त्य प्रथम, आस्था सोंधिया द्वितीय एवं अनन्या श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं स्वरचित कविता पाठ में विद्यार्थी वर्ग में मानवी मिश्रा प्रथम, अनन्या श्रीवास्तव द्वितीय एवं रीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रहे। शिक्षक वर्ग स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में नीरज चौधरी प्रथम, दुर्गेश दुबे द्वितीय एवं शशांक शेण्डे ने तृतीय स्थान हासिल किया। इनके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों ने सराहनीय प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति के लिए सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति के रूप में सहयोगी कवि विश्वनाथ सोनी ने अपनी सुंदर ओजस्वी रचना का पाठ किया तथा अपनी किताब किताब-ए-जिंदगी अतिथियों को भेंट की। डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका रिया मांझी ने आशकरण अटल की कविता प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया।

## मेलाराम दूसरी बार बने साहू संघ के अध्यक्ष



**मुंगेली।** ग्राम कोदवाबानी में परिक्षेत्रीय साहू संघ की बैठक रखी गई, जिसमें निर्विरोध सर्वसम्मति से मेलाराम साहू को दूसरी बार निर्विरोध परिक्षेत्रिय अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष पुरुष राममिलन साहू, प्रतापपुर उपाध्यक्ष महिला शीला बाई साहू, खुड़ा संगठन सचिव पुरुष गौकरण साहू, खुर्शी महिला संगठन सचिव संगीता साहू, रिवापार कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। पर्यवेक्षक के रूप में तहसील साहू संघ अध्यक्ष डॉ लेखु राम साहू, सचिव तहसील साहू संघ डॉ उमेश साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र सिल्ली सेव प्रकाश साहू एवं लाला राम साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ उपस्थित रहे। इस मौके पर परिक्षेत्र के संरक्षक गायत्री प्रसाद साहू, इकाई अध्यक्ष चारभाटा चंद्र राम साहू, इकाई अध्यक्ष रिवापार राजकुमार साहू, इकाई अध्यक्ष मदनपुर मिलाप साहू, इकाई अध्यक्ष प्रतापपुर वीरेंद्र साहू, इकाई अध्यक्ष कोदवाबानी मंशाराम राम साहू, इकाई अध्यक्ष निपनिया टेकराम साहू, इकाई अध्यक्ष खुड़ा संतोष साहू, इकाई अध्यक्ष इकाई अध्यक्ष खुर्शी ताराचंद साहू और सभी ग्राम से आए हुए सामाजिक बुद्धिजीवी बिहारी साहू, गणेश राम साहू, नरोत्तम साहू, रामझूल साहू, मिलाऊ प्रसाद, दीना साहू, नारायण साहू, दिलहरन साहू, शिवकुमार साहू, चलाऊक राम साहू, अश्वनी साहू, किसन साहू, सिद्ध राम साहू, ईश्वर साहू, गंगाराम साहू, शिया साहू, पंचराम साहू, बैटलराम साहू, शिव साहू आदि की उपस्थिति रही।